(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)




हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महाराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

भरी गर्मी में पूल का मजा लेती ...8



बुधवार, 27 अप्रैल 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 128 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## कॉमेडियन राजपाल यादव को उत्तर प्रदेश फिल्म विकास परिषद का चेयरमैन बना सकती है योगी सरकार

लखनऊ। राजनीति में फिल्मी सितारों की एंट्री का चलन आज का नहीं बल्कि बरसो पुराना है। कई नामचीन सितारों ने पहले सिनेमा में नाम कमाया फिर देश की राजनीति का हिस्सा बनें और सत्ता में राज किया। ताजा समाचारों की माने तो कॉमेडियन राजपाल यादव की एंट्री भी राजनीति में होने जा रही हैं। उत्तर प्रदेश सरकार से जुड़े सूत्रों से जानकारी मिली है कि योगी सरकार फिल्म अभिनेता राजपाल यादव को उत्तर प्रदेश फिल्म विकास परिषद का चेयरमैन बना सकती है। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनावों की तैयारी सरकार ने अभी से ही शुरू कर दी है ऐसे में अपने वोट बैंक पर पकड़ बनाएं रखने के लिए योगी



सरकार ये प्रयोग करने जा रही हैं।

आपको बता दें कि कुच दिनों पहले ही राजपाल यादव और दिनेश लाल यादव (निरहुआ) ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी जिसकी तस्वीरें भी उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की थी। इस मुलाकात के बाद से ही यह अटकलें बढ़ने लगी कि योगी सरकार राजपाल यादव को एक बड़ी जिम्मेदारी दे सकती हैं। साल 2021 में उत्तर प्रदेश में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी ने समाजवादी पार्टी को काटे की टक्कर दी थी अब लोकसभा चुनाव के दौरान योगी सरकार समाजवादी पार्टी के यादव वोट काटने के लिए राजपाल यादव को अपने पाले में लाना चाहती हैं।

दिनेश लाल यादव (निरहुआ) की बात करें तो माना जा रहा है कि एक बार फिर से बीजेपी आजमगढ़ लोकसभा सीट से निरहुआ को मैदान में उतारने वाली हैं। बता दें कि विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को जीत मिलने के बाद उन्होंने आजमगढ़ के सांसद पद से इस्तीफा दे दिया था तब से यह सीट खाली है।

## केजरीवाल के शिक्षा मॉडल को हिमाचल के शिक्षा मंत्री ने बताया खोखला, खाली पड़े पदों का भी किया जिक्र

शिमला। हिमाचल प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियां ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी बीच जयराम ठाकुर सरकार के शिक्षा मंत्री गोविंद ठाकुर ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम



आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के शिक्षा मॉडल को खोखला करार दिया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के दावे महज प्रचार मात्र हैं। दिल्ली में खाली हैं शिक्षकों के पदः उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार महज 1036 स्कूल चलाती है जबकि हिमाचल प्रदेश में 15,000 से ज्यादा सरकारी स्कूल हैं। इसके साथ ही उन्होंने दिल्ली के सरकारी स्कूलों में खाली शिक्षकों के पदों का जिक्र किया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि दिल्ली के 80 फीसदी स्कूलों में प्रिंसिपल या हेडमास्टर नहीं है और तो और शिक्षकों के 24,000 से ज्यादा पद खाली हैं। इसके अतिरिक्त शिक्षा मंत्री ने दावा किया कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में दाखिलों में 8 फीसदी की कमी आई है । दिल्ली में शिक्षकों को तनख्वाह न दिए जाने को लेकर सरकार को हाई कोर्ट की भी फटकार लग चुकी है। गोविंद ठाकुर ने आम आदमी पार्टी द्वारा दिल्ली के स्कूलों को वर्ल्ड क्लास बताए जाने के दावों पर निशाना साधते हुए कहा कि केजरीवाल ने बेटे ने दिल्ली पब्लिक स्कूल नोएडा से 12वीं की परीक्षा दी है। जबकि उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने अपने बेटे का दाखिला गाजियाबाद के एमिटी स्कूल में कराया है। आपको बता दें कि आम आदमी पार्टी शदिल्ली मॉडलश के आधार पर आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने वाली है और पार्टी ने हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में भी इसी मॉडल के तहत चुनाव लड़ा था। जिसकी बदौलत आम आदमी पार्टी ने पंजाब में ऐतिहासिक जीत दर्ज की और गोवा में पार्टी को 2 सीटों पर जीत मिली। फिलहाल पार्टी हिमाचल प्रदेश चुनाव की तैयारियों में जोरो–शोरो से जुटी हुई है। इसी के तहत अरविंद केजरीवाल ने हिमाचल में रैली भी की।

## नवनीत राणा को सेशन कोर्ट से नहीं मिली राहत, 29 अप्रैल तक सरकारी पक्ष को दाखिल करना होगा जवाब

मुंबई। अमरावती से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा को फिलहाल राहत नहीं मिली है। आपको बता दें कि सेशन कोर्ट से नवनीत राणा और उनके विधायक पति को राहत नहीं मिली है। इसके अलावा राणा दंपत्ति मामले को लेकर 29 अप्रैल तक सरकारी पक्ष अपना जवाब दाखिल करेगा और फिर जमानत पर सुनवाई की तारीख सामने आएगी। फिलहाल उन्हें जेल में ही रहना होगा। मुंबई पुलिस ने राणा दंपत्ति को शनिवार को गिरफ्तार किया था। इसके बाद रविवार को उन्हें कोर्ट के समक्ष पेश किया गया था। जहां से कोर्ट ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। इस दौरान भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई पुलिस पर महिला सांसद के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि महिला सांसद को बाथरूम तक जाने की इजाजत नहीं दी गई। नवनीत राणा ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर खुद इसकी शिकायत भी की थी। क्या है पूरा मामला ?: नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा ने मातोश्री के बाहर हुनमान चालीसा पढ़ने का ऐलान किया था। जिसको लेकर शिवसैनिक उनके घर के नीचे एकत्रित हो गए। हालांकि नवनीत राणा अपने घर से बाहर नहीं निकलीं और मातोश्री में हनुमान चलीसा के पाठ को लेकर यूटर्न भी ले लिया।

## खुशखबरी! अब 6–12 साल के बच्चों को भी लगेगी कोरोना वायरस रोधी वैक्सीन, DCGI ने दी मंजूरी

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को बताया कि भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने 5 से 12 वर्ष के आयुवर्ग के बच्चों के लिए कोविड–19 रोधी टीके 'कॉर्बेवैक्स' और 6 से 12 वर्ष के आयुवर्ग के बच्चों के लिए 'कोवैक्सीन' टीके के आपातकालीन इस्तेमाल की अनुमति दे दी है। डीसीजीआई ने इससे पहले 'कैडिला' को 12 साल या अधिक उम्र के बच्चों के लिए 28 दिन के अंतर पर दो खुराक के साथ 3 मिलीग्राम की अतिरिक्त खुराक के वास्ते उसके 'जायकोव–डी' टीके के लिए भी आपातकालीन उपयोग की मंजूरी (ईयूए) दे दी थी। वर्तमान में, 'जायकोव–डी' की दो मिलीग्राम की तीन खुराक की मंजूरी दी गई है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की कोविड–19 वैश्विक महामारी पर गठित विषय विशेषज्ञ समिति (एसईसी) की सिफारिशों के बाद भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने इसके इस्तेमाल की अनुमति दी है। एसईसी ने 5 से 12 वर्ष की आयु के बच्चों के वास्ते 'बायोलॉजिकल ई' के कोविड–19 रोधी टीके 'कॉर्बेवैक्स' और 6 से 12 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए 'कोवैक्सीन' टीके के आपातकालीन इस्तेमाल की मंजूरी (ईयूए) देने की पिछले सप्ताह सिफारिश की थी।



'बायोलॉजिकल ई' के 'कॉर्बेवैक्स' टीके की खुराक अभी 12 से 14 वर्ष के आयुवर्ग के बच्चों को दी जा रही है। वहीं, 24 दिसंबर, 2021 को डीसीजीआई ने 12 से 18 वर्ष के आयुवर्ग के लोगों के लिए 'कोवैक्सीन' को आपातकालीन इस्तेमाल की सूची (ईयूएल) में डाल दिया था। भारत ने 16 मार्च को 12–14 वर्ष की आयु के बच्चों का टीकाकरण शुरू किया। देशभर में कोविड–19 रोधी टीकाकरण अभियान 16 जनवरी 2021 को शुरू किया गया था, तब केवल स्वास्थ्य कर्मियों को टीके लगाए जा रहे थे। इसके बाद दो फरवरी 2021 से, अग्रिम मोर्चे पर तैनात कर्मियों का टीकाकरण और एक मार्च 2021 से 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों और गंभीर बीमारी से पीड़ित 45 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोगों के लिए टीकाकरण शुरू हुआ। 45 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों के लिए एक अप्रैल 2021 को टीकाकरण शुरू हुआ और 18 साल से अधिक आयु के लोगों को एक मई 2021 से कोविड–19 रोधी टीके देने शुरू किए गए। देश में तीन जनवरी 2022 से 15 से 18 वर्ष के बच्चों का टीकाकरण शुरू हुआ था। स्वास्थ्य कर्मियों तथा अग्रिम मोर्चे पर तैनात कर्मियों और गंभीर बीमारी से पीड़ित 60 साल या उससे अधिक आयु के लोगों को 'एहतियाती खुराक' 10 जनवरी 2022 से देनी शुरू की गई। देश में 10 अप्रैल 2022 से 18 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को 'एहतियाती' खुराक देनी शुरू कर दी गई थी।

## उम्मीद है जम्मू कश्मीर में लागू सभी कानूनों को पलट देगा न्यायालयः महबूबा मुफ्ती



श्रीनगर। पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को उम्मीद जताई कि उच्चतम न्यायालय न केवल संविधान के अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के केंद्र के फैसले पर रोक लगाएगा बल्कि पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य के विशेष दर्जे को समाप्त किये जाने के बाद वहां लागू किये गये सभी कानूनों को भी पलट देगा। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, ''एक राज्य के कानूनी और संवैधानिक विशेष दर्जे को छीनकर उसे दो हिस्सों में बांट दिया गया और अधिकारविहीन बना दिया गया। फिर भी उच्चतम न्यायालय को मामले को सूचीबद्ध करने में तीन साल लग गये।'' उन्होंने कहा, ''उम्मीद है कि उच्चतम न्यायालय न केवल अनुच्छेद 370 को समाप्त किये जाने पर स्थगन आदेश देगा बल्कि यहां लागू किये गये सभी अवैध कानूनों को वापस लेगा।'' उच्चतम न्यायालय ने जम्मू कश्मीर के विशेष राज्य के दर्जे को समाप्त किये जाने और उसे दो केंद्रशासित प्रदेशों में विभाजित करने के फैसले के खिलाफ दायर अनेक याचिकाओं को ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई। उसी पृष्ठभूमि में पीडीपी अध्यक्ष महबूबा की प्रतिक्रिया आई है। केंद्र सरकार ने 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त कर दिया था।

## दिल्ली और पंजाब के बीच हुआ नॉलेज शेयरिंग एग्रीमेंट, केजरीवाल ने बताया क्या है ये समझौता


दिल्ली और पंजाब की सरकारों के बीच नॉलेज शेयरिंग एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दोनों राज्यों की सरकारों ने नॉलेज शेयरिंग एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर



किए हैं। मैं समझता हूं कि ये भारत के इतिहास में बहुत अनोखा मामला है जब किसी राज्य की सरकारें एक दूसरे से कुछ सीखने के लिए एग्रीमेंट साइन कर रही हैं। आप की दोनों सरकारें अब डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर और शहीद भगत सिंह के सपनों को पूरा करने के लिए काम करेंगी। केजरीवाल ने कहा कि कहा जाता है भाजपा शासित इंदौर देश का सबसे साफ–सुथरा शहर है। तो बीजेपी की एमसीडी को नॉलेज शेयरिंग कर दिल्ली में सफाई करनी चाहिए थी। हमने दिल्ली के सरकारी स्कूल, फिनलैंड से सीख कर ठीक किए। तो क्या दिल्ली की सरकार फिनलैंड से चल रही है? अभी सीएम स्टालिन दिल्ली आए, तो क्या तमिलनडु की सरकार दिल्ली से चल रही है?हमने कनाडा, यूएस के स्कूल और अस्पताल भी देखे हैं लेकिन दिल्ली के सरकारी स्कूल के बच्चों का जो कॉन्फिडेंस है और यहां जैसी टेक्नलॉजी को हम नेक्ट लेवल पर ले जाकर पंजाब में लागू करेंगे। केजरीवाल ने बताया कि पंजाब में 117 स्कूल और मोहल्ला क्लीनिक की स्थापना की जाएगी। मान ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली सेवाएं मुहैया कराना उनकी सरकार की प्राथमिकता है और पंजाब इस संबंध में दिल्ली से सीख सकता है, जहां इन क्षेत्रों में बहुत काम किया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली भी खेती के बारे में पंजाब से सीख सकता है। केजरीवाल ने कहा कि अगर हर राज्य दूसरे राज्यों के अच्छे कामों से सीखना शुरू कर दे, तो भारत का विकास होगा।

## मेरे घर पर हनुमान चालीसा पढ़ो, लेकिन दादागीरी बर्दाश्त नहीं करुंगा:उद्धव ठाकरे

मुंबई। हनुमान चालीसा विवाद पर चुप्पी तोड़ते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने सोमवार को कहा कि उनके घर पर हनुमान चालीसा पढ़ने में कोई समस्या नहीं है लेकिन 'दादागीरी' बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मामले में महाराष्ट्र पुलिस ने निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। शिवसेना अध्यक्ष ठाकरे ने भाजपा का नाम लिये बगैर उस पर निशाना साधा और दावा किया कि उन्हें हिंदुत्व सिखाने वाले उस वक्त 'चूहे के बिल' में छिपे थे जब बाबरी मस्जिद गिराई गयी थी। उन्होंने कहा, ''अगर आप मेरे घर पर 'हनुमान चालीसा' पढ़ना चाहते हैं, आइए। लेकिन सही तरीके से आइए।'' ठाकरे ने यहां बेस्ट मुख्यालय में 'नेशनल



कॉमन मोबिलिटी कार्ड' (एनसीएमसी) की शुरुआत के मौके पर कहा, ''लेकिन अगर आप दादागीरी से आना चाहते हैं तो बालासाहेब ने हमें सिखाया था कि दादागीरी को कैसे खत्म करते हैं।'' उन्होंने भगवान हनुमान का संदर्भ देते हुए कहा कि शिवसेना का हिंदुत्व 'गदाधारी' है, जबकि विरोधियों का हिंदुत्व 'घंटाधारी' है। अमरावती से सांसद नवनीत राणा और उनके पति विधायक रवि राणा को शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने ठाकरे के मुंबई स्थित निजी आवास 'मातोश्री' के बाहर हनुमान चालीसा पढ़ने की बात कही थी। इससे शिवसैनिक नाराज हो गये थे। बाद में राणा दंपती ने अपने आह्वान को वापस ले लिया था और एक कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुंबई प्रवास का हवाला दिया था। इससे पहले आज दिन में भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि अगर हनुमान चालीसा पढ़ना राजद्रोह है तो ''हम सभी यह अपराध करने के लिए तैयार हैं।'' ठाकरे ने परोक्ष निशाना साधते हुए हिंदुत्व के प्रति भाजपा के योगदान पर सवाल खड़ा किया।




## हनुमान चालीसा विवाद : संजय राउत का दावा, महाराष्ट्र में सरकार बनाने में असमर्थता से बेचैन भाजपा

मुंबई। भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस द्वारा हनुमान चालीसा के पाठ को लेकर उपजे राजनीतिक विवाद के मद्देनजर महाराष्ट्र सरकार की खिंचाई करने के एक दिन बाद शिवसेना सांसद संजय राउत ने मंगलवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज्य की सत्ता में नहीं लौट सकने के कारण बेचैन है मुंबई में संवाददाताओं से बातचीत में राउत ने दावा किया कि भाजपा के अगले 25 वर्षों तक महाराष्ट्र में सत्ता में वापसी करने की कोई गुंजाइश नहीं है। 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा से नाता तोड़ने वाली शिवसेना मौजूदा समय में राज्य में राकांपा और कांग्रेस के साथ सत्ता साझा कर रही है। राउत ने यह भी दावा किया कि शिवसेना कार्यकर्ताओं पर बीते



हफ्ते उन पर हमला करने का आरोप लगाने वाले पूर्व भाजपा सांसद किरीट सोमैया ने 'खून बहने का नाटक करने के लिए टमाटर सॉस लगाया था।' शिवसेना नेता की यह टिप्पणी पूर्व सांसद सोमैया और मुंबई के भाजपा विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल के सोमवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय से मिलकर सोमैया पर हुए कथित हमले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की मांग किए जाने के बाद आई है। राउत ने फडणवीस को उनके इस बयान के लिए भी आड़े हाथों लिया कि अगर हनुमान चालीसा का पाठ करना देशद्रोह है तो वह अपनी पार्टी के लोगों के साथ ऐसा करेंगे। मुंबई पुलिस ने बीते शनिवार को उपनगरीय बांद्रा में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के निजी आवास 'मातोश्री' के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने का आह्वान करने के बाद निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा को गिरफ्तार करते हुए उनके खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया था। राउत ने कहा, "फडणवीस लोगों को गुमराह कर रहे हैं। हनुमान चालीसा का पाठ करने पर देशद्रोह का आरोप नहीं लगाया गया है। दूसरों के घरों के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ न करें। मंदिरों में करें। अगर आप हनुमान चालीसा का पाठ करके माहौल खराब करेंगे तो आप पर मुकदमा चलेगा।

# ईद को लेकर जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती

अयोध्या। माह–ए–रमजान के अंतिम शुक्रवार और ईद त्योहार को लेकर प्रशासनिक कवायद तेज हो गई है। शांति और सुरक्षा के लिए डीएम ने प्रबुद्ध नागरिकों तथा पुलिस व अन्य संबंधितों के साथ बैठक की। जिसकी अध्यक्षता एसएसपी ने की।

ईद–उल–फितर पर शांति, सुरक्षा एवं अन्य विभागीय व्यवस्थाओं को लेकर हुई बैठक में डीएम नितीश कुमार ने बताया कि शांतिपूर्ण एवं सकुशल त्योहार संपन्न कराने को जोनल, सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी गई है। सभी को निर्देश दिए गए हैं कि सुबह ईद की नमाज के दो घंटे पूर्व से अपने तैनाती स्थल पर पहुंच जाएं। पर्व समाप्ति तक शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था, पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर निगम को साफ सफाई व्यवस्था और बेहतर करने के साथ साथ छुट्टा पशुओं को रोकने के लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग को समय पर संबंधित सड़कों की मरम्मत, विद्युत विभाग को अनवरत विद्युत आपूर्ति, तारों व पोलों को ठीक कराने आदि के निर्देश दिए। डीएम ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि अपने–अपने क्षेत्रों में शांति, सुरक्षा, कानून एवं यातायात व्यवस्था को सुनिश्चित करें। कहा कि अयोध्या का समावेशी विकास के लिए सभी समुदाय के लोगों की सहभागिता जरूरी है। सभी सहयोग बनाये रखें।

अध्यक्षता कर रहे एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने कहा कि जिन–जिन धार्मिक स्थलों पर नमाज अदा की जाएगी वहां पर पर्याप्त पुलिस व्यवस्था रहेगी।आने जाने वाले लोगों के लिए बेहतर आवागमन व सुचारू व्यवस्था बनाने तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। एसपी सिटी एवं ग्रामीण को असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखने तथा किसी भी प्रकार के अवांछनीय कार्य करने वालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एसएसपी ने कहा कि किसी भी प्रकार के व्यवधान उत्पन्न करने वाले के प्रति वैधानिक कार्रवाई करें। बाड़ा संचालकों से मनपत्र भरवा कर उन्हें नोटिस दे दिया जाए कि अपने किसी भी पशु को अपने निर्धारित बाड़े में रख लें। कहा कि सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर रखें। 24 घंटे सक्रिय रहें। कोई भी एक्टिविटी हाईलाइट होने पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने अपील की कि स्वयं तथा अपने आसपास के समुदायों को सर्तक करें कि वह अफवाहों को आगे प्रसारित न करें और उसकी सूचना तत्काल अपने नजदीकी थाने को दें। दोषियों पर तत्काल कार्यवाही होगी। बैठक में सभी उपजिलाधिकारी, सभी पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी नगर श्री सलिल कुमार पटेल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री महेन्द्र सिंह सहित नगर निगम, विद्युत, जलनिगम, जोनल, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट आदि उपस्थित रहे।

# छात्र–छात्राओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की लगाई गई प्रदर्शनी

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा विभाग में सृजन 2022 की प्रदर्शनी व आचार्य विनोबा भावे पुस्तकालय का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति रविशंकर सिंह व अविवि के पूर्व कुलपति प्रो. राम अचल सिंह ने .सुबह 10 बजे फीता काटकर किया। तीन दिवसीय प्रदर्शनी में फैशन डिजाइनिंग की शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने आज के फैशन को परंपरागत लोक कलाओं एवं संस्कृतियों से जोड़कर एक नया स्वरूप प्रदान किया है। इसमें भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा संरक्षित कर आधुनिक समाज से जोड़ने का अभिनव प्रयत्न है। विभाग के छात्र–छात्राओं द्वारा हैंड क्राफ्ट, टेक्सटाइल, जादोपाटिया, टेरी कोटा प्रोडक्ट, ज्वेलरी, जीवन शैली से जुड़े उत्पाद जूट, पेपर एवं निष्प्रयोज्य सामग्रियों से आकर्षक एवं उपयोगी घरेलू एवं फैंसी उत्पादों को तैयार किया गया है। इस प्रदर्शनी में ग्रामीण अंचलों के छात्र–छात्राओं को रोजगारपरक योजनाओं से जोड़ने का सीधा प्रयास किया गया है। छात्र–छात्राओं द्वारा तैयार किए गए उन उत्पादों को बिक्री एवं प्रदर्शन के लिए सजाया गया है। प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. अनूप कुमार ने बताया कि विभाग की छात्राओं द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी बुधवार तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। शिक्षिकाओं के निर्देशन में छात्राओं ने वोकल फॉर लोकल को सार्थक करते हुए प्रदर्शनी लगाई है। इसमें आयोजन सचिव डॉ. सुरेन्द्र मिश्र व सह आयोजन सचिव डॉ. विनोदिनी वर्मा, श्रिया श्रीवास्तव, शालिनी पाण्डेय, विनीता पटेल, रत्नेश यादव सहित डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षिकाओं की विशेष भूमिका रही है। प्रर्दशनी के उद्घाटन पर कुलसचिव उमानाथ, वित्त अधिकारी प्रो. चयन कुमार मिश्र, मुख्य नियंता प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. नीलम पाठक, प्रो. एसएस मिश्र, प्रो. आशुतोष सिन्हा, प्रो. राजीव गौण, प्रो. एमपी सिंह, प्रो. आरके सिंह, प्रो. के.के. वर्मा, प्रो. फारूख जमाल, प्रो. आर के तिवारी, प्रो. गंगा राम मिश्र, डॉ. सुन्दर लाल त्रिपाठी, डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ. स्वाति सिंह, डॉ. प्रत्याशा मिश्रा, डॉ. चन्द्रशेखर, डॉ. मृदुला पाण्डेय, डॉ. गायत्री वर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# शिक्षकों की गुणवत्ता से प्रखर राष्ट्र का निर्माण: प्रो. राम अचल

## ऽ आचार्य विनोबा भावे का शिक्षा दर्शन और उसकी प्रासंगिकता विषय पर हुई तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा विभाग एवं भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के संयुक्त संयोजन में आचार्य विनोबा भावे का शिक्षा दर्शन और उसकी प्रासंगिकता विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अवध विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. राम अचल सिंह ने कहा कि आज की शिक्षा नागरिकों पर निर्भर करती है। नागरिकों की गुणवत्ता शिक्षकों पर, शिक्षकों की गुणवत्ता से उस राष्ट्र का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी राष्ट्र को आगे बढ़ाना है तो शिक्षा को श्रेष्ठता के उच्चतम शिखर पर ले जाना होगा। भारत के अनेक विद्वानों ने शिक्षा के बारे में अपने–अपने दर्शन दिए हैं। विनोबा भावे ने भूदान व सर्वोदय के संस्थापक थे सन 1916 में गांधी से मिले और उनके शिष्य बने। गांधी की मृत्यु के बाद भूदान एवं सर्वोदय आंदोलन शुरू किए। शिक्षा के लिए गांधी की जो बुनियादी धारणा थी उसको उन्होंने आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि शिक्षा को दो चरणों में विभाजित किया जा सकता है पहला आंतरिक और दूसरा बाह्य शिक्षा। आंतरिक शिक्षा में का मतलब आत्मा की शिक्षा व आध्यात्मिक शिक्षा बाह्य है जो विद्यालयों में प्रचलित शिक्षा से आती है। भावे ने शिक्षा के लिए जो सूत्र दिए हैं उसमें शिक्षार्थी को ज्ञान का साधक, स्वतंत्र विचारक और उसके अंदर अच्छे विचार आने चाहिए। प्रो0 राम अचल ने गुरुकुल पद्धति के बारे में बताया कि एक अच्छी पद्धति है। लेकिन आजकल यह पद्धति व्यवहारिक नही हो पाएगी। उन्होंने कहा कि एक या दो गुरुकुल की बात करें तो वह संभव है लेकिन व्यापक स्तर पर गुरुकुल की बात करें तो यह संभव नहीं है। उन्होंने विनोबा का उद्रण देते हुए कहा कि हमें जो करना चाहिए उसे संकल्प के साथ करना चाहिए। इसी के साथ शिक्षक को अपने आचरण इस प्रकार रखना चाहिए उसका प्रभाव लोगों पर पड़े। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने कहा कि विनोबा भावे व्यक्ति नही वे अपने आप में एक संस्था थे। उनके बताये हुए मार्ग पर चलने से हम सभी अपने जीवन का उद्धार कर सकेंगे। भावे शिक्षा को आध्यात्म से जोड़ना चाहते थे उनका कहना था कि किसी व्यक्ति के विचार, मनन व चिन्तन से वह इतना मजबूत होता है कि उसके आगे परमाणु एवं अणु बम कुछ नही कर सकता है। कुलपति ने कहा कि वर्तमान में सभी को शिक्षा प्राप्त करना बहुत जरूरी है। इसके साथ ही अध्यात्म को शिक्षा से जोड़ने की जरूरत है। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रौढ़ एवं सतत शिक्षा विभाग, नई दिल्ली के प्रो0 जय प्रकाश दुबे ने आज से बहुत साल पहले विनोबा भावे के आश्रम कुछ लोगों ने एक बात उठाई थी कि जमाना है क्रांति क्रांति क्रांति का परंतु उन्होंने कहा कि यह हिप्पोक्रेट कदम है। इससे हम बहुत पीछे चले जायेंगे। संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज आफ प्रोफेशनल साइंसेज इंदौर के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो0 पुष्पेंद्र दुबे ने कहा कि मनुष्य का जन्म लेना ही क्रांति है और मनुष्य का दुनियां से चले जाना उससे बड़ी क्रांति है। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलगीत सुनने के बाद कहा कि इसके प्रत्येक शब्द में विनोबा भावे परिलक्षित होते है। संगोष्ठी के दौरान अतिथियों द्वारा प्रो. अनूप कुमार की पुस्तक ग्रामीण विकास के आयाम का विमोचन किया गया। इस अवसर पर वित्त अधिकारी प्रो0चयन कुमार मिश्र, कुलसचिव उमानाथ, मुख्य नियंता प्रो0 अजय प्रताप सिंह, प्रो0 नीलम पाठक, प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0 आशुतोष सिन्हा, प्रो0 राजीव गौण, प्रो0 एमपी सिंह, प्रो0 एसके रायजादा, प्रो0 आरके सिंह, प्रो0 के0 के0 वर्मा, प्रो0 फारूख जमाल, प्रो0 विनोद श्रीवास्तव, प्रो0 आर के तिवारी, प्रो0 गंगा राम मिश्र, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, डॉ0 सुन्दर लाल त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# बाइक की टक्कर से सिपाही घायल

अयोध्या। खंडासा थाना क्षेत्र के अमानीगंज में बाइक टकरा जाने से एक सिपाही घायल हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार 30 वर्षीय सद्दाम हुसैन पुत्र अफजल निवासी काकड़ खेड़ा थाना डिलारी जिला मुरादाबाद की खंडासा थाने में तैनाती है। बाइक से सद्दाम हुसैन ड्यूटी पर जा रहे थे। जिनकी बाइक में दूसरी बाइक की टक्कर लग गई। गिरने से सद्दाम गंभीर घायल हो गए। जानकारी पर थाने के सिपाही ने 108 एम्बुलेंस के जरिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। यहां रिकाबगंज चौकी इंचार्ज संदीप त्रिपाठी घायल सिपाही के आने से पूर्व ही जिला चिकित्सालय पहुंच गए और तत्काल भर्ती कराकर सिपाही का इलाज शुरू कराया। डॉक्टर उत्तम कुमार के अनुसार सिपाही के हेड इंजरी हुई है।

# ट्रक के चपेट में आई बाइक

अयोध्या। तारुन थाना अंतर्गत ककराही मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार चाचा भतीजी गंभीर घायल हो गए। चाचा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार 30 वर्षीय हरीश चंद्र पुत्र बंशीलाल निवासी ग्राम हरिपुर परसावां थाना तारुन अपनी भतीजी मधु को बाइक से लेकर बीएससी की परीक्षा दिलाने जा रहे थे। अभी ककराही मोड़ के पास पहुंचे ही थे कि तेज रफ्तार ट्रक से बाइक में टक्कर लग गई। टक्कर लगने से गिरकर चाचा और भतीजी घायल हो गए। आसपास के लोगों के जुटने के बाद घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तारून ले जाया गया। जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। यहां इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉक्टर ने हरिश्चंद्र को भर्ती कर उपचार शुरू किया वहीं मधु का प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया है। घटना की सूचना इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे फार्मेसिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव ने कोतवाली नगर मेमो बनाकर भेजा गया है।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को दिए गए टिप्स

अयोध्या। नारी सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत महिलाओं को विविध जानकारियां दी गईं। जिससे वे निर्भीक होकर कार्य कर सकें। एसएसपी शैलेश कुमार पाण्डेय के निर्देशन में प्रतिदिन जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और स्वावलंबन, महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से अयोध्या पुलिस विविध तरीकों से जागरूक कर रही है। इसी क्रम में बालिकाओं छात्राओं को 1090–वीमेन पॉवर लाइन, 181–महिला हेल्प लाइन, 108–एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112–पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098–चाइल्ड लाइन, 102–स्वास्थ्य सेवा आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। एन्टी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलों को सबक सिखाने को तथा छेडछाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने को व्यापक निगरानी भी शुरू की गई है। यह अभियान पूरे जनपद में स्थनीय पुलिस चला रही है।

# साकेत महाविद्यालय के 13 शिक्षक प्रोन्नत

अयोध्या। कासु साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय के 13 शिक्षकों को प्रोन्नत किया गया है। शिक्षकों की प्रोन्नति पहले से लंबित थी। जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि शिक्षा निदेशक शेफाली सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक हुई जिसमें प्रबन्धतन्त्र अध्यक्ष दीपकृष्ण वर्मा भी शामिल रहे। बैठक में डॉ. प्रतिभा सिंह (रसायन विज्ञान), डॉ. अरविन्द शर्मा (प्राणि विज्ञान) एसोसिएट प्रोफेसर पद पर डॉ. अखिलेश सिंह (रसायन विज्ञान), डॉ. सरला शुक्ला (भूगोल) असिसटेंट प्रोफेसर स्टेज तीन में, डॉ. निधि मिश्रा व डॉ. संदीप कुमार वर्मा (मनोविज्ञान), डॉ. जगदीश प्रसाद वर्मा (सैन्य विज्ञान), डॉ. सन्त लाल (भूगोल), डॉ. असीम त्रिपाठी (अंग्रेजी), डॉ. संतोष कुमार, डॉ. अवधेश कुमार शुक्ल व डॉ. प्रभात कुमार श्रीवास्तव (वनस्पति विज्ञान), डॉ. राज कुमार गुप्ता (गणित) स्टेज दो में प्रोन्नत किए गए है। प्रोन्नत शिक्षकों को प्रबन्धतन्त्र अध्यक्ष दीपकृष्ण वर्मा तथा प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह व अन्य शिक्षको को शुभकामनाएं दी। प्राचार्य सहित आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. आशुतोष सिंह एवं अन्य शिक्षकों, विभागाध्यक्षों का आभार ज्ञापित करते हुए संस्थागत प्रतिबद्धता एवं महाविद्यालय की प्रतिष्ठा वृद्धि में योगदान के लिए आश्वस्त किया।

# 'भांजे ने प्रेमिका के साथ की बुजुर्ग महिला की हत्या, आरोपी गिरफ्तार'

फिरोजाबाद। के एका थाना क्षेत्र में 20 दिन पहले हुयी एक बुजुर्ग महिला की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया.पुलिस ने हत्या के आरोप में मृतका के भांजे और उसकी प्रेमिका को गिरफ्तार किया है. एसपी ग्रामीण अखिलेश नारायण ने बताया कि एका थाना क्षेत्र के गांव चिमरारी में 16 अप्रैल को घर के बाहर सो रही एक बुजुर्ग महिला शांति देवी पत्नी स्वर्गीय सुरेश चंद्र शर्मा की कुल्हाड़ी से काट कर निर्मम हत्या कर दी गई थी. इस मामले में मृतका के बेटा प्रवीन शर्मा ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था. पुलिस ने इस मामले की विवेचना की तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए. एसपी देहात अखिलेश नारायण सिंह इस पूरे मामले का खुलासा किया. उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को बताया इस मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है. एक का नाम प्रभाकर उर्फ बल्लू पुत्र स्वर्गीय मुन्नीलाल निवासी कस्बा एका है जबकि दूसरी सह अभियुक्त एक महिला है जिसका नाम मधु पत्नी राजीव जो कि चिमरारी गांव की ही रहने वाली है. एसपी देहात ने बताया कि अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान जो बजह निकल कर आई है उसके मुताबिक मधु और प्रभाकर के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था और प्रभाकर अक्सर मधु के घर आता जाता था.इस बात की जानकारी शांति देवी को हो गई थी. वह टोका टाकी भी करती थी और इन अभियुक्तों को इस बात का डर सता रहा था कि बुजुर्ग महिला शांति देवी उनकी पोल न खोल दे इसलिए इन दोनों ने रात में सोते समय शांति देवी की हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए. यह भी उल्लेखनीय है कि आरोपी प्रभाकर मृतका शांति देवी का भांजा लगता है जबकि मृतका शांति देवी,आरोपी मधु की चचिया सास लगती है. पुलिस ने इन दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. एसपी देहात ने बताया कि आरोपी के कब्जे से आला कत्ल भी बरामद हो गया है

# महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला,हत्या का आरोप

फिरोजाबाद। शिकोहाबाद थाना क्षेत्र के भांडरी गांव में एक महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है.मृतका के मायके वालों ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया है मामला शिकोहाबाद थाना क्षेत्र के गांव भांडरी का है. यहां पर रहने वाले राजकुमार राजू की पत्नी ललिता देवी का शव मकान के अंदर एक कमरे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ था.दरअसल में किसी बात को लेकर ललिता का ससुरालीजनों से कल रात में विवाद हुआ था. उसके बाद यह घटना हो गई.शव को फांसी पर लटका देख ससुराल वाले मौके से फरार हो गए. इधर घटना की जानकारी मोहल्ले वालों द्वारा मृतका के मायके वालों को और पुलिस को दी गई. घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतका ललिता के शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम।के लिए जिला अस्पताल भेजा.मृतका का मायका इटावा जनपद के जसवंत नगर के जनकपुर गांव में है और सात साल पहले उसकी शादी हुयी थी.मृतका पर दो बालक भी है. ललिता की मौत की जानकारी मिलते ही मृतका के मायके वाले भी थाने पहुंचे और उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी बेटी की हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटकाया गया है.इस संबंध में शिकोहाबाद थाना प्रभारी उदयवीर सिंह मलिक का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जो तथ्य सामने आएंगे उसी मुताबिक कार्रवाई की जायेगी

# विश्व मलेरिया दिवस पर हुई गोष्ठी

## मलेरिया रोग के बोझ को कम करने और जीवन बचाने के लिए नवाचार का उपयोग

अयोध्या। जनपद में . विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अजय राजा के निर्देश पर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर अनेक गतिविधियां आयोजित की गई। जिला मलेरिया अधिकारी की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें वेक्टर जनित रोगों के अंतर्गत मलेरिया के लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में बताया गया । जिला मलेरिया अधिकारी एम ए खान ने बताया कि मलेरिया एक विशेष प्रकार के मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। इसके लक्षणों में एक निश्चित अंतराल पर ठंड लगकर बुखार आना, सर दर्द होना, शरीर में कंपकपी होना आदि शामिल है। यह बुखार मलेरिया परजीवी की प्रजाति के अनुसार प्रतिदिन या एक दिन छोड़ कर या प्रत्येक तीसरे दिन आता है। चिकित्सा अधिकारी डा. अजय राजा ने बताया कि प्रत्येक सामुदायिक ध् प्राथमिक स्वस्थ्य केन्द्रो एवं शहरी स्वस्थ्य केन्द्रो ध् अस्पतालयों मे मलेरिया रोगियो के निदान एवं उपचार की निशुल्क सुविधा उपलब्ध है। यदि किसी व्यकित को मलेरिया होने का संदेह हो या उसे बार बार बुखार आता हो तो रक्त की जाच हेतु नजदीकी स्वस्थ्य केन्द्र पर जाकर मलेरिया की जाच कराये एवं धनात्मक पाये जाने पर पूर्ण आमूल उपचार कराना चाहिए। डीएमओ ने बताया कि जनपद अयोध्या में वर्ष 2020 में कुल 16076, वर्ष 2021 में 33276 एवं इस वर्ष (जनवरी से अप्रैल तक) 10859 रक्त पट्टिकाओं का संग्रह किया गया, जिसमें वर्ष 2020 में 02 वर्ष 2021 मे कुल 09 एवं इस वर्ष 01 धनात्मक रोगी की पुष्टि हुई है, जिनका उपचार निःशुल्क एवं नियमानुसार किया जा चुका है। डीएमओ ने मलेरिया से बचाव के सरल उपाय बताये जिसमें जनमानस को " मच्छरदानी का प्रयोग, अपने आसपास साफ–सफाई, पानी इकट्ठा नहीं होने देना आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को सर्दी लगकर बुखार आ रहा है तो उसे तुरंत नजदीकी सामुदायिकध् प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर चिकित्सक द्वारा परामर्श लेकर खून की जांच करवानी चाहिए, यदि मरीज मलेरिया धनात्मक पाया जाता है तो उसका रेडिकल ट्रीटमेंट निःशुल्क किया जायेगा। इस अवसर पर मलेरिया विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आबकारी टीम ने छापेमारी के दौरान अभियुक्तों की गिरफ्तारी सहित अवैध शराब की बरामदगी की

उन्नाव। आबकारी विभाग की टीमें पूरी तरह से सजग है। जिले में दबिश देने का काम बराबर टीमे कर रही है। जिसके परिणामस्वरुप अक्सर दबिश के दौरान कार्यवाही में भारी मात्रा में अवैघ कच्ची शराब लहन सहित अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जा रही है। इससे कही न कही अवैध कच्ची शराब के कारोबार में मंदी देखने को मिल रही है। एक समय यह अवैध कारोबार जिले में इतने पंख फैला चुका था कि कुटीर उद्योग की तरह गांवों में खुलेआम संचालित किया जाने लगा। लेकिन जब से आबकारी विभाग की कमान करुणेंद्र सिंह ने संभाली है तब से यहां पर इस कारोबार में काफी हद तक अंकुश लगने में सफलता मिली है। इसी कडी में चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम में जिला आबकारी अधिकारी करुणेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में राजेश प्रताप सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र पुरवा व सब इस्पेक्टर कमलेश प्रसाद तिवारी थाना मौरावां व अन्य पुलिस स्टाफ के साथ संयुक्त रूप से तहसील पुरवा के अंतर्गत थाना मौरावां के संदिग्ध ग्राम जनवारनखेड़ा में मुखबिर की सूचना पर सुबह एकबारगी दबिश देते हुए 02 अभियुक्तो को लगभग 70 लीटर कच्ची शराब व मय उपकरणों के साथ गिरफ्तार करते हुए 02 अभियोग पंजीकृत किये गए। ग्राम जनवारनखेड़ा में स्थित अन्य स्थलों की तलाशी से 03 भट्टी के उपकरण व लगभग 12 कुन्तल महुआ लहन प्लास्टिक की बोरियों में बरामद किया गया जिसको मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। सुमेर पुत्र स्व0 सहदेव निवासी छोटी गौरी, सुदामा पत्नी कल्लू निवासी जनवारनखेड़ा को शराब बनाते हुए गिरफ्तार करते हुए थाना मौरावां में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराए गए। इध्र, प्रदीप कुमार मौर्य आबकारी निरीक्षक बीघापुर एवं थाना बिहार पुलिस के साथ संयुक्त रूप से तहसील बीघापुर के अंतर्गत थाना बिहार के संदिग्ध ग्राम अकवारा में सुबह 5 बजे दबिश देते हुए करीब 26 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए नियमानुसार 01 अभियोग पंजीकृत किया गया। साथ ही ग्राम अकवारा में संदिग्ध स्थलों की तलाशी के दौरान लगभग 3 भट्टी नष्ट की गयी तथा लगभग 650 किलो महुआ लहन प्लास्टिक की बोरियों में जमीन के अंदर से बरामद किया गया जिसको मौके पर नष्ट किया गया।

# विश्व मलेरिया दिवस पर बैठक का आयोजन

उन्नाव। विश्व मलेरिया दिवस के उपलक्ष्य में जिला मलेरिया अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आहुत की गई। इस दौरान कार्यालय के सभी कार्मिक उपस्थिति रहे। सभी कार्मिको को अवगत कराया गया कि 2030 तक भारत से मलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य सरकार द्वारा रखा गया है। जिसके लिए सभी को मेहनत से कार्य करना होगा। उपस्थित मलेरिया निरीक्षको को अपने अपने क्षेत्रों में आशाध्एन.एमध्स्वास्थ्य कार्यकर्ता के माध्यम से लोगों को मलेरिया एव अन्य वेक्टर जनित रोगों से बचावक प्रति जागरूक किया जाए। मलेरिया के प्रमुख लक्षणो जैसे तेज बुखार, तेज सरदर्द, शरीर दर्द, ठंड लगनाध्कपकपी लगना व उल्टी आना आदि की जानकारी जनमानस को दी जाए।जैसे ही येलक्षण दिखे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुँचकर मलेरिया की जांच अवश्य कराये तथा चिकित्सक के देख रेखमें समुचित उपचार लें। यह बीमारी संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से होती है।मलेरिया से बचाव के लिये पूरी बाँह के कपड़े पहने, मच्छरदानीका इस्तेमाल करें, मच्छर रोधी क्रीमध्अगरबत्ती का इस्तेमाल करें घरों के अंदर कीटनाशक छिड़काव कराये खुली हुई नालियों में जला हुआ मोबिलध् मिट्टी का तेल डाल दें जिससे मच्छर का लार्वा नष्ट हो जाये। मच्छरों के बचाव और लछण दिखने पर तुरंत जांच और इलाज बचाव का बेहतर उपाय है।इन बातों का प्रचार प्रसार प्रभावी तरीके से सुनिश्चित कराया जाए। जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चंद्र यादव ने बताया कि मलेरिया का मच्छर मादा एनाफिलीजसामान्यतः शाम और सुबह के समय काटती है। अगर किसी स्वस्थ व्यक्ति को मलेरिया का संक्रमित मच्छर काटती है तो वह स्वयं तो संक्रमित होगा ही, दूसरे को भी संक्रमित कर सकता है। मच्छर के काटने के बाद इसका परजीवी लीवर के जरिये लाल रक्त कोशिकाओं तक पहुंचता है और संक्रमण पूरे शरीर में फैलने लगता है और यह रक्त कोशिकाओं को तोड़ने लगता है। संक्रमित रक्त कोशिकाएं हर 48 से 72 घंटे में फटती रहती हैं और जब भी फटती हैं बुखार, ठंड लगना और पसीना आने जैसे लक्षण भी सामने आते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का परामर्श है कि गर्भवती को मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में नहीं जाना चाहिए क्योंकि उनमें मलेरिया होने से जटिलताएं बढ़ जाती हैं।

# प्राकृतिक खेती का मुख्य आधार देशी गाय हैः जय प्रताप सिंह

## कृषि विज्ञान केंद्र सोहना में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हुआ किसान मेला का आयोजन






दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर/सिद्धार्थनगर। मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र सोहना के विकास विद्यालय में कृषि विज्ञान मेला 2022, आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत अभियान किसान की भागीदारी प्राथमिकता हमारी पर कृषि विज्ञान मेला 2022 का आयोजन किया गया आयोजन में माननीय विधायक पूर्व स्वास्थ्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार जय प्रताप सिंह ने मेले का उद्घाटन कर मेले का शुभारंभ किया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ ओम प्रकाश वर्मा ने जय प्रताप सिंह को मोमेंटो साल वह बुके देकर स्वागत किया। तत्पश्चात मेले में लगे स्टालों का भ्रमण कर किसानों को अपने संबोधन में प्राकृतिक खेती को रासायनमुक्त खेती, प्राकृतिक खेती का मुख्य आधार देसी गाय है।

प्राकृतिक खेती कृषि की प्राचीन पद्धति है। यह भूमि के प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखती है। प्राकृतिक खेती में रासायनिक कीटनाशक का उपयोग नहीं किया जाता है। इस प्रकार की खेती में जो तत्व प्रकृति में पाए जाते है, उन्हीं को खेती में कीटनाशक के रूप में काम में लिया जाता है। इसी क्रम में प्रदीप कसौधन व जिला पंचायत सदस्य सुजाता सिंह प्रतिनिधि ज्ञान सिंह ने अपने संबोधन में कृषि मशीनीकरण को कैसे प्रयोग कर अच्छी खेती से लाभ उठाएं पर किसानों को अवगत कराया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश जीरो बजट प्राकृतिक खेती क्या है पर चर्चा किया। और तत्पश्चात विधायक जय प्रताप सिंह द्वारा मेले में सभी प्रगतिशील किसानों का साल मोमेंटो व सर्टिफिकेट देकर 20 लोगों को सम्मानित किया। कन्हैया लाल काला नमक के क्षेत्र में राधेश्याम द्विवेदी लाइन शोइंग गेहूं उत्पादन, राजकुमार यादव संरक्षण तकनीकी, रमाकांत वर्मा कृषि विविधीकरण, दीनानाथ वर्मी कंपोस्ट उत्पादन तकनीक, किशन लाल चौधरी काला नमक उत्पादन, जोखई प्रसाद तिलहन उत्पादन, विक्रम चौधरी एकीकृत खेती प्रणाली, राम उजागीर चौधरी एकीकृत खेती प्रणाली क्षेत्र में सम्मानित किया गया मेले में करीब 309 किसानों ने प्रतिभाग कर मेले का लाभ उठाया। मेले में लगे स्टालो में सफल संस्थान वायर इंडिया पायनियर इफको उत्तम कृषि सेवा केंद्र जैसे 10 स्टाल से किसानों ने लाभ उठाया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ डीपी सिंह डॉ प्रदीप कुमार डॉ एस एन सिंह डॉ एस के मिश्रा डॉ मार्कंडेय सिंह द्वारा किसान मेले में प्राकृतिक खेती पर प्रदर्शनी तथा कृषि मशीनीकरण सर्वोत्तम कृषि पद्धतियों तथा नवोन्मेषी कृषि तकनीकियों पर विशेष चर्चा की गयी। नीलम सिंह दीप नारायण सिंह जय प्रकाश द्विवेदी विजय यादव सहित उपस्थित रहे।

# जनता इंटर कॉलेज में नवागत प्रधानाचार्य डॉ० (कैप्टन) नीरज कुमार श्रीवास्तव ने कार्यभार ग्रहण किया

दैनिक बुद्ध का संदेश






सिद्धार्थनगर। इसके पूर्व इन्होंने मुख्यालय स्थित श्री सिंहेश्वरी इंटर कॉलेज तेतरी बाजार, सिद्धार्थनगर में तदर्थ प्रधानाचार्य के रूप में कार्य कर रहे थे। डॉ०श्रीवास्तव अपने लगभग 19 वर्षों के कार्यकाल में शिक्षा के साथ ही साथ सामाजिक जागरूकता और पाठ्य–सहगामी क्रियाओं के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए जाने जाते हैं। डॉ० श्रीवास्तव ने जनपद सिद्धार्थनगर के श्री सिंहेश्वरी इंटर कॉलेज में तदर्थ प्रधानाचार्य पद पर कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात खेलकूद के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने वालीबाल के क्षेत्र में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल हासिल कर जनपदवासियों का गौरव बढ़ाया, जिससे विद्यालय के साथ–साथ जिले का नाम रोशन हुआ। इस उपलब्धि के कारण मुख्यमंत्री सहित सांसद डुमरियागंज, पूर्व बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री डॉ० सतीश द्विवेदी, जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर सहित तमाम गणमान्य व्यक्तियों ने इन बच्चियों को सम्मानित किया। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन०सी०सी०)के क्षेत्र में राष्ट्रीय–एकता और राष्ट्–निर्माण के साथ ही साथ सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए कैप्टन (डॉ०) नीरज कुमार श्रीवास्तव को भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा वर्ष–2019 में सम्मानित किया गया, आपके कार्य को देखते हुए पूर्व ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर राजपुरोहित ने भी एक्सीलेंट एन०सी०सी० ऑफिसर का अवार्ड दिया। विद्यालयीय गतिविधियों में आप की सक्रियता को देखते हुए पूर्व चेयरमैन लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश और वर्तमान में प्रशिक्षण आयुक्त उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड ने आपको जिला मुख्यायुक्त जनपद सिद्धार्थनगर नियुक्त किया। पद प्राप्ति की तिथि से आपने कार्य आरंभ किया परंतु आपने बताया कि जनपद सिद्धार्थनगर से जनपद गोरखपुर में आयोग द्वारा प्रधानाचार्य पद पर चयनित होने के कारण स्काउट और गाइड के क्षेत्र में कार्य करना अभी शेष रह गया है। विद्यालय के प्रबंधक अरुण कुमार नायक सहित विद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने आपका स्वागत करते हुए आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना की, साथ ही पूर्व की भांति ही पठन–पाठन, अनुशासन और अन्य क्रियाकलाप में बेहतर करने की अपेक्षा भी की। डॉ० (कैप्टन) नीरज कुमार श्रीवास्तव पुत्र शोहरत लाल श्रीवास्तव, ग्राम–मन्तापुर (चौमुखा) पोस्ट–कैंपियरगंज के निवासी हैं,आपका परिवार शिक्षा के क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए जाना जाता है। आपके भतीजे प्रांशु श्रीवास्तव ने अभी हाल ही में संघ लोक सेवा आयोग की आई०ई०एस० की परीक्षा में 16वां स्थान प्राप्त किया है।

# भनवापुर गर्मी में अघोषित विद्युत कटौती से जनता त्रस्त

### शहरी क्षेत्र में 12 से पन्द्रह तो ग्रामीण क्षेत्र में मिल रही 8 से 10 घंटे मिल रही बिजली

दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर/सिद्धार्थनगर। इन दिनों पड रही भीषण गर्मी के बीच बिजली विभाग द्वारा अघोषित विद्युत कटौती से जनता त्रस्त है। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के खानतारा, कठौतिया, तरहर, बैदौला, डुमरियागंज आदि फीडरों से मिलने वाली बिजली शहरी क्षेत्र में 22 घण्टे के जगह 12 से 15 घंटे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे की जगह 8 से 10 घंटा तीन से चार सिफ्टों में बिजली आपूर्त की जा रही है। अगर कहीं भी ट्रांसफार्मर फुक रहा है तो, विभाग के पास कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है। तथा उसके रिपेयर या बदलने में हफ्तों लग जाते हैं। क्षेत्र के समाज सेवी सुरेन्द्र पांण्डेय, बब्लू, मुकेश गौतम, आदि नें कहा कि ज्यों ज्यों गर्मी बढती है, त्यों त्यों विजली विभाग द्वारा विजली कटौती का समय बढता जा रहा है। इस सम्बन्ध में अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय डुमरियागंज राम मूरत नें कहा कि नगर और ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे विद्युत सिड्यूल लागू है, किसी दिन चार तो किसी दिन तीन घंटे की रोस्टिंग होती है। आपात स्थिति में यह घट बढ सकती है। वहीं नगर व ग्रामीण क्षेत्र में ट्रांसफार्मर जलने पर लाइन मैन के रिपोर्ट पर जेई द्वारा ईमेल के जरिए जिले के वर्कशाप भेजा जाता है। जिसके बाद ट्रांसफार्मर को बदला जाता है। जिसके लिए उपभोक्ता को किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं देना होता है।

# कपिलवस्तु स्तूप में साफसफाई नाकाफी है, स्तूप के अंदर कूड़े का अंबार

### घास फूस से घिरा बुद्ध स्तूप

दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु/सिद्धार्थनगर। बुद्ध की क्रीड़ा स्थली में कपिलवस्तु में स्थापित बुद्ध स्तूप स्थल में गंदगी के अंबार दिखाई देने लगा






है, देश विदेश में चर्चित स्थान को पूजने के लिये कई देशों के अनुयाई पहुंचते हैं। इस स्थान में प्रवेश के शुल्क भी देतें है, स्तूप के आसपास बड़े बड़े घास फूस उग आए हैं। पर्यटकों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है, साफसफाई नही है, जब कि कई मजदूर इस पर कार्य करते थे। विगत कई महीनों से इस पर कार्य नही हो रहा है, ईद का त्योहार सामने है, यहां भारी संख्या में लोग पहुचेंगें, जो शुल्क देकर प्रवेश करेंगे। फिरभी गार्डेन उपेक्षित है। पर्यटकों के लिये बने टिकट विंडो, पेजल के लिये आरओ प्लांट, काफीसेंटर, पब्लिकेशन हाल का निर्माण हो चुका है, लेकिन हैंडओवर नही किया गया है। जिससे स्तूप भ्रमण करने आये लोगो को सुबिधा से बंचित होना पड़ता है। 6 माह से मजदूर के लिये धन सेसन नही हुआ है, बैठक हुई थी ईद को लेकर बात की गयी, गार्डेन में लोगो का भीड़ लगेगा, उच्चाधिकारियों से अस्वासन मिला है जल्द ही इसकी साफसफाई की व्यवस्था हो जाएगी। जीतेन्द्र कुमार गार्डेन प्रभारी कपिलवस्तु।

# दस्तक अभियान व संचारी रोग नियंत्रण को लेकर जागरूक कर रही आशा व आंगनवाड़ी

### भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के भीटानानकार गांव में घर घर बता रही सावधानी

दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर/सिद्धार्थनगर। संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान



के तहत आशा व आंगनवाड़ी घर घर जा कर बचाव व सावधानी के बारे में जागरूक कर रही है। मंगलवार को भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के भीटानानकार गांव में तैनात आशा बिट्टा देवी तथा आंगनवाड़ी लाडली श्रीवास्तव घर घर जा कर लोगो को बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया। गांव के लोगो को बिट्टा देवी ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण व बचाव के लिए स्वच्छता जरूरी है, इसके लिए खाने के पहले व शौच के बाद अपने हाथ साबुन से अच्छी तरह धुलें, सोने के दौरान मछरदानी का उपयोग करे, घर के आस पास साफ सफाई रखे, पानी इक्ट्ठा ना होने दे। ग्राम प्रधान शालिनी ने कहा कि लोंगो को बताया कि आशा दीदी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के बातों को अमल में लाकर हम सब अपने साथ अपने परिवार को बीमारियों से बचा सकते है। इसके लिए सभी ग्राम वासियों का सहयोग जरूरी हैं। इस दौरान सुधिराम जयसवाल, कामता प्रसाद, बुधिराम, रजनी, तकरीबुनिशा, आदि उपस्थित रहे।

# मंदिर मस्जिद निर्माण को लेकर दो पक्ष आमने सामने, पुलिस बल तैनात

## डुमरियागंज थाना क्षेत्र के महनुआखास का मामला





दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर/सिद्धार्थनगर। स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के एक गांव में सरकारी जमीन पर मंदिर और मस्जिद निर्माण को लेकर दो समुदाय के बीच तनाव उत्पन्न हो गया। जिसपर एहतियात के तौर पर सांती व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार डुमरियागंज थाना क्षेत्र के महनुआखास गांव में गाटा संख्या 182 क्षेत्रफल 0.202 हेक्टेयर सरकारी अभिलेख में बंजर दर्ज है। इसी जमीन पर गांव के करीब 17 लोंगो द्वारा अवैध कब्जा कर अवैध रूप से निर्माण कर लिया गया है। इन लोगों पर हल्का लेखपाल द्वारा 115ब् की कार्रवाई की गई है। इसी गाटा संख्या में से बचा लगभग 12 मंडी जमीन पर एक पक्ष मंदिर निर्माण तो दूसरा पक्ष मस्जिद निर्माण पर अडा रहा तथा एक पक्ष के द्वारा 27 अप्रैल यानी आज मंदिर निर्माण के लिए शिलान्यास की तिथि निधारित की गई थी। दोनो पक्षों के बंजर जमीन पर मंदिर मस्जिद निर्माण की सूचना पर उपजिलाधिकारी डुमरियागंज व पुलिस क्षेत्राधिकारी के निर्देश पर शांती व्यवस्था बनाए रखने के लिए मंगलवार की शाम करीब चार बजे पुलिस फत्ज् की एक टीम महनुआखास गांव में विवादित स्थल पर तैनात कर दी गई है। वहीं ग्राम प्रधान नसीबुल्लाह खान नें कहा कि ग्राम समाज के इस विवादित स्थल पर मंदिर मस्जिद निर्माण ना कराकर विवाह घर बनाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। उपजिलाधिकारी डुमरियागंज प्रदीप कुमार यादव नें कहा कि उक्त भूमि पर विवाह घर का ही निर्माण कराया जाएगा गांव में किसी प्रकार की अशांति ना हो इसके लिए पुलिस बल को तैनात किया गया है। किसी भी प्रकार की शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर कडी कार्रवाई की जाएगी।

# सम्पादकीय

**मै भविष्यवाणी कर दे रहा हूं कि भारत की राजनीति, राष्ट्र–राज्य व शासन की तासीर अब सौ टका बुलडोजर की आत्मा प्राप्त कर चुकी है। भविष्य में हर नेता बुलडोजर मॉडल के उपयोग से वोट पकाएंगा और राज करेगा। हिंदुओं को उनके शासन के असली मश्वडल का वरदान मिल गया है। सोचे ...**

## बुलडोजर दर्शन का पेटेंट जरूरी!

सचमुच संघ परिवार को सावरकर के हिंदू राजनैतिक दर्शन के परिष्कृत, आधुनिक बुलडोजर मॉडल का वैश्विक पेटेंट करवाना चाहिए। सवाल है इसे संघ परिवार के सर्वाधिकार वाला मघॅडल माने या प्रणेता नरेंद्र मोदी का मॉडल? सवाल के पीछे का लोचा यह है कि हाल में चर्चा हुई है कि केबिनेट में एक स्वंयसेवक (नितिन गडकरी?) ने विरोधियों के खिलाफ आयकर, ईडी, सीबीआई जैसी संस्थाओं के खिलाफ इस्तेमाल को गलत बताया तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इससे उनका मुख्यमंत्री से प्रधानमंत्री का सफर बना। जाहिर है नरेंद्र मोदी का बतौर हिंदू अवतार अवतरण की बुनियाद उनका स्वरचित श्बुलडोजर दर्शन्य है। ऐसा पहले भारत या दुनिया के किसी लोकतांत्रिक देश में नहीं हुआ तो इसका वैश्विक पेंटेंट उनके वैयक्तिक स्वामित्व वाला बनना चाहिए न कि संघ परिवार का!

सावरकर ने हिंदू राजनीति का आधुनिक सभ्यतागत दर्शन दिया था। लेकिन असल, यांत्रिक प्रायोगिक बुलडोजर मॉडल के निर्माण का श्रेय नरेंद्र मोदी को ही है। इससे पिछले आठ सालों में न केवल भक्ति–शक्ति बढ़ी बल्कि आर्थिकी, समाज, राजनीति, मनोविज्ञान, अफसरशाही, संस्थाओं सब लाईन हाजिर हुए बुलडोजर के आगे! हिंदुओं के घर–घर, कण और मन को वह श्विनिंग फॉर्मूलाय मिला है समाज–देश कितना ही खंड–खंड हो लेकिन हिंदुओं की भक्ति से अखंड भारत की ज्योति बनी भक्तों को समझ आ रही है। इसलिए तय है दुनिया बुलड़ोजर दर्शन को फोलो करेगी। मानवता नए दौर में प्रवेश करेगी।

क्या मैं हिंदू राष्ट्र की अपनी भावना में ज्यादा नहीं बह रहा हूं? कतई नहीं। जैसा आम हिंदू मानता है कि पश्चिमी सभ्यता, उदारवादी लोकतंत्र, कानून के राज वाले समाज के अमेरिकी मघॅडल क्योंकि पतित, फेल और हिंदुओं की विश्व गुरूता को नकारे हुए है तो वसुधैव कुटुम्बकम् के भविष्य के चार ही मघॅडल है। 180 करोड मुसलमानों के दारूल इस्लाम का मॉडल, 140 करोड लोगों के चीन के शी जिन पिंग का पिंजरा मॉडल, 110 करोड हिंदुओं का बुलडोजर मॉडल और 15 करोड रूसियों का टैंक मॉडल! चारों मॉडल अपनी–अपनी झाकियां बनाए हुए है। वे इन्ही में जीते हुए है और सभी की राजनीति, नेतृत्व इनसे बनते हुए है। तभी तुरंत हम हिंदुओं को बुलडोजर मॉडल का वैश्विक पेटेंट करा लेना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए यह इसलिए भी जरूरी है ताकि उनके बाद के नेता यह झूठ न बना पाएं कि बुलडोजर मॉडल तो बाबा या मामा या अमित शाह का था या अरविंद केजरीवाल का ममता बनर्जी का!

मै भविष्यवाणी कर दे रहा हूं कि भारत की राजनीति, राष्ट्र–राज्य व शासन की तासीर अब सौ टका बुलडोजर की आत्मा प्राप्त कर चुकी है। भविष्य में हर नेता बुलडोजर मॉडल के उपयोग से वोट पकाएंगा और राज करेगा। हिंदुओं को उनके शासन के असली मॉडल का वरदान मिल गया है। सोचे नरेंद्र मोदी के बाद क्या योगी आदित्यनाथ, अमित शाह या कि संघ परिवार का कोई भी उत्तराधिकारी और इनकी वेकल्पिक दूसरी पार्टियों के नेता क्या बुलडोजर राजनीति से परे भविष्य में लिबरल या रामजी का मर्यादा मॉडल अपना सकते है? सो कोई गलतफहमी ने रहे और हिंदुओं दौडो, अपने गुरूमंत्र का वैश्विक पेटेंट कराओं!

## सपना बनाम हकीकत

भारत की अर्थव्यवस्था फिलहाल तीन ट्रिलियन डॉलर के करीब है। तो 28 साल में यहां 50 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचना भूतो ना भविष्यति जैसे चमत्कार से ही संभव है। बहरहाल, हकीकत यह है कि देश स्टैगफ्लेशन के कगार पर है। यानी मुद्रास्फीति की दर आर्थिक विकास की दर से अधिक होने वाली है।

मुमकिन है कि उद्योगपति गौतम अडानी सचमुच वही सोचते हों, जो उन्होंने कहा है। उन्होंने कहा है कि साल 2050 तक भारत की अर्थव्यवस्था 50 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। अगर वे ऐसा सचमुच सोचते हों, तो उसमें कोई हैरत की बात भी नहीं होगी। इसलिए कि 2002 के बाद से जिस तरह उन्होंने गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी से युगलबंदी बनाई, उसका उनके जीवन पर चमत्कारिक असर हुआ। एक छोटे कारोबारी से देश के सबसे धनी दो व्यक्तियों में उनका शामिल हो जाना किसी करिश्मे से कम नहीं है। तो ऐसा उनका सोचना जायज माना जाएगा कि अगर उनकी जिंदगी में ऐसा करिश्मा हो सकता है, तो आखिर भारत की अर्थव्यवस्था में क्यों नहीं हो सकता! बहरहाल, इसके साथ उन्होंने दूसरा जो सपना देखा है, वह बहुत छोटा है। वो यह कि तब भारत में कोई भूखा नहीं सोयेगा। यानी मानव इतिहास का सबसे धनी देश बनने के बाद भी भारत की बहुसंख्यक जनता के लिए संतोष की बात सिर्फ इतनी होगी कि उसे दो वक्त का खाना मिल जाएगा। 50 ट्रिलियन डॉलर का बाकी हिस्सा कहां जाएगा, उसके बारे में अडानी क्या सोचते होंगे, इसका अनुमान लगाया जा सकता है।

बहरहाल, ये गौर करें। अमेरिका अब तक मानव इतिहास का सबसे धनी देश है और उसकी अर्थव्यवस्था अभी तकरीबन 23 ट्रिलियन डॉलर की है। चीन अब 18 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंचा है। बाकी तो कोई आसपास भी नहीं है। भारत की अर्थव्यवस्था फिलहाल तीन ट्रिलियन डॉलर के करीब है। तो 28 साल में यहां 50 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचना भूतो ना भविष्यति जैसे चमत्कार से ही संभव है। बहरहाल, हकीकत यह है कि देश स्टैगफ्लेशन के कगार पर है। यानी मुद्रास्फीति की दर आर्थिक विकास की दर से अधिक होने वाली है। गरीबों की तो छोडिये, महंगाई अब मध्य वर्ग की जेब और बचत में भी सेंध लगा रही है। इससे मध्य वर्ग सिकुड़ रहा है। उसका अर्थ है कि देश का उपभोक्ता बाजार सिकुड़ रहा है। इसके बीच देश की आम खुशहाली की उम्मीदें लगातार धुंधली पड़ रही हैं। भुखमरी का आलम कैसा है, इसके किसी बाजार में जाकर महसूस किया जा सकता है, जहां भीख मांगने वाले लोगों की संख्या में अचानक अत्यंत वृद्धि देखने को मिल रही है। इसके बीच ऊंचा सपना देखना बहुत ही ज्यादा साहस की बात है। ऐसा सपना दिखाने के लिए देश को अडानी का शुक्रगुजार होना चाहिए!

## हिंदू आईडिया ऑफ कानून का राज!

**भारत में ऐसी ही व्यवस्था बनती दिख रही है, जहां शासन ने एक साइज का फांसी का फंदा तैयार कर लिया है, जिसकी गर्दन उसके फंदे में फिट होती है उसे फांसी पर लटका दिया जाता है। न्याय की यह व्यवस्था जैसे जैसे लोकप्रिय और मजबूत होती जाएगी, भारत एक देश और एक समाज के तौर पर अराजकता का शिकार होता जाएगा। और एक बार अराजक व्यवस्था लागू हो जाएगी, तो जो आज...**

हरिशंकर व्यास

बधाई। हम हिंदू अब विश्व आईकॉन लिए हुए है। दुनिया हमारी गुरूता से चमत्कृत है। ब्रिटेन के बॉरिस जानसन भी अपने को रोक नहीं पाए। भारत पहुंचते ही उन्होने बुलडोजर पर चढ़ कर हिंदुओं की गुरूता का बुलड़ोजर मॉडल दिमाग में पैंठाया। सोचे कितनी देरी कर दी मूर्खों ने जो पहले ही शहिंदू आईडिया ऑफ कानून्य का मंत्र नहीं पकड़ा! मेरी आप सबसे विनती है, प्रार्थना है कि वे खोज कर बताएं कि पहले कभी क्या लोकतांत्रिक याकि कानून के राज वाले किसी भी देश में बुलडोजर के आईडिया में कानून के राज का ढोग दिखा? मुझे पिछले पचास वर्षो की किसी देश की कोई भी एक घटना ऐसी ध्यान में नहीं है जिसमें सरकारों ने श्नो–गो जोन्य इलाकों में, विधर्मियों, प्रवासी समुदायों को भगाने, आंतकित करने या इतिहास का बदला लेने के लिए बुलडोजरी न्याय का गुरूमंत्र आजमाया हो! घ्द्बठ्ठस्र्ह्व द्ढस्र्द्गड्ड क्रह्वद्यद्ग शद्घ रुड्ड2

इसलिए विश्व को हिंदुओं की ज्ञान गंगा का सार प्राप्त हो गया है! देश को यदि सुरक्षित बनाना है, मुसलमान और इस्लाम और देशद्रोही व देशविरोधियों से निपटता है तो कानून के राज में बंधा रहना विनाशकारी है। कानून को दरकिनार और किताबों में रखों। जमीन का एजेंडा बनाओं। देशभक्तों में जज्बा पैदा करों। वे त्यौहार–उत्सव के दिन ललकारते, तलवार लहराते श्नो–गो जोन्य में जाए और वह करें जिससे विधर्मी–प्रवासी–बाहरी लोग भडके और बस सडक पर उतर आए। फिर तो बुलडोजर व विर्धमी कंपकंपाते बेघर व बरबादी में तौबा करते हुए!

अद्भुत! कानून के राज में जुलूस व शोभायात्राओं का हक है तो नारों का हक और बुलडोजर चलाने के तमाम बहाने भी। लेकिन इस मॉडल से देशभक्त, देशभक्त सरकार कैसे बिना हिंसा, बिना नरसंहार के प्रवासियों– कौम विरोधियों में खौफ बना सकती है उन्हे विस्थापित कर, भगा सकती है, इसका आईडिया दुनिया को भला पहले कहां मालूम था? सोचे, यह आईडिया यदि ईदी अमीन को अस्सी के दशक में मालूम होता तो वह यूंगाडा से हिंदुओं–गुजरातियों को भगाने के लिए नरसंहार की कालिख बनवाने का क्या तरीका अपनाता? बुलडोजरों से ही भगा देता। कितना आसान है कानून के हवाले बिना कानून के बुलडोजर से नस्ल, धर्म और इतिहास के मसलों का हिसाब बराबर करना!

इस गुरू मंत्र का सबसे बड़ा फायदा सत्ता, सरकार और नेता व जनता को लगातार न केवल ताकत मिलते रहने का है बल्कि उनके उद्देश्य, लक्ष्यों में निरंतरता का भी है!

तो दुनिया में कौन–कौन भारत के शगुरू मंत्रय को अपनाएगा? बहुतों को जरूरत है। भक्त हिंदुओं के लगातार ऐसे व्हाट्सअप संदेश आते रहते है कि इतने दशकों के बाद ब्रिटेन मुस्लिम हो जाएगा। फ्रांस, हॉलैंड, बेल्जियम और योरोप के कई देशों में प्रवासी शरणार्थियों, घुसपैठियों, मुसलमानों के ऐसे श्नो–गो जोन्य है जहां पुलिस को जाते हुए डर लगता है। फ्रांस में मुसलमान इतने हो गए है कि राष्ट्रपति के ताजा चुनाव में भी हिजाब का मुद्दा छाया हुहै। मतलब लोकतांत्रिक, कानून वाले देशों में इस्लाम और प्रवासियों से देश की मूल बुनावट को खतरा है। पचास–सौ साल में गौरो से अधिक वहां मुसलमान–हिंदू–अफ्रिकी हो जाएगें तो दुनिया वालों जागों हिंदुओं के बुलडोजर दर्शन को अपनाओं!

सोचे, दक्षिणपंथी, नस्लवादी गौरों और उनके नेता (डोनाल्ड ट्रंप जैसे राष्ट्रपति हुए तो कहने ही क्या!) यदि हिंदू आईडिया ऑफ कानून का राज अपना ले तो कितनी जल्दी ब्रिटेन के साउथ हॉल से पाकिस्तानी, हिंदुस्तानी, गुजराती भागने लगेंगे। जैसे जहांगीरपुर में फुटपाथ पर स्टाल, सामान, छज्जे के अतिक्रमण, घर–दुकान के आगे–पीछे कच्चे निर्माण बनाए होते है तो साल भर के बुलडोजर अभियान में ब्रिटेन के हिंदू–मुस्लिम इलाके हो या अमेरिका की न्यूजर्सी, कनाडा के वेंकुवर से लेकर मलेशिया, केन्या, दक्षिण अफ्रिका, इंडोनेशिया के तमाम हिंदू इलाके खतरनाक श्नो–गो जोन्य करार दे कर बुलडोजर की प्रयोगशाला बने हुए होंगे।

तानाशाह देशों याकि दुबई, खाडी, इस्लामी देशों की व्यवस्था में श्बुलडोजरस्य के हिंदू शासन मंत्र का इसलिए अधक मतलब नहीं है क्योंकि इन देशों में फरमान और तलवार है। इन देशों में (जैसे यूगांडा का अनुभव है) फरमान से विधर्मी, घुसपैठिये, प्रवासी तुरंत भगाए जा सकते है।

तभी हिंदू राजनैतिक दर्शन के शबुलडोजर मॉडलय का महत्व दुनिया के लोकतांत्रिक देशों के लिए गुरूमंत्र है। लोकतंत्र होते हुए, कानून का राज होते हुए कैसे भय पैदा किया जाए, कैसे अतीत के सत्य का आधुनिक औजारों, व्यवस्था और वोट के बहुमत से हिसाब चुकता किया जाएं यह सब इस मघॅडल से कितना आसान होगा। भविष्य के खतरे की जागरूकता कितनी आसानी से बन जाती है।

घर–घर में जहर का स्वयंस्फूर्त फैलना, फिर जहर युक्त तीर, तलवारों का सड़कों पर लहराना। अपने आप बुलडोजर की उपयोगिता, अनिवार्यता व नित नए ब्रांड बनते जाएगें। मोदी ब्रांड, बाबा ब्रांड, मामा ब्रांड, झाडू ब्रांड, बांग्ला ब्रांडज्..। कौन कहता है भारत विश्व गुरू और ज्ञानी महाशक्ति नहीं है!

**तो लेफ्ट ने उन सारे अकादमिक विषयों पर तो खूब बहस की और गलत फैसले लिए जो उसे आगे बढ़ाने वाले थे। और तीन राज्यों से केवल केरल में रह जाने के क्या कारण रहे इस पर चर्चा से बचें। अभी सीपीआई (एम) की केरल कांग्रेस महाधिवेशन से उम्मीद थी कि एक नए जोश से पार्टी सामने आएगी मगर वह उत्साह दिखा नहीं। वृन्दा ने वही मौका दिया है। इसे एक व्यक्तिगत साहस ...**

## बुलडोजर के सामने खड़ी हो गई वृन्दा संघर्ष की एक नई प्रतीक बन सकती हैं

शकील अख्तर

राजनीति में कोई भी साहसिक पहल ऐतिहासिक मोड़ बन सकती है। गांधी के नमक और आम्बेडकर के पानी का ऊपर उदाहरण दिया है। यहां आजादी के बाद का और महिला नेता का एक और उदाहरण देकर बात खत्म करते हैं। इन्दिरा गांधी। बेलछी का दलित नरसंहार और उनके हाथी पर बैठकर जाने ने जनता पार्टी की राजनीति बिठा दी थी। वह भी एक प्रतीक ही था। लड़ते सब हैं। मगर जनता के मन में एक छवि बन जाती है। एक तरफ भाजपा अपना बुलडोजर लेकर देश के भाईचारे और प्रेम को दबाती, कुचलती आ रही है दूसरी तरफ आजादी के बाद से इसे बचाते, बढ़ाते रहे कांग्रेस और लेफ्ट ठिठके खड़े देश और समाज का यह विध्वंस देख रहे हैं। ऐसा नहीं है कि वे कुछ करना नहीं चाहते। उनके आदर्श और सिद्धांत ही प्रेम, उदारता, निर्माण, समावेश के हैं। मगर भाजपा और संघ परिवार के लगातार चलाए जा रहे विभाजनकारी एजेंडे और झूठे प्रचार के सामने उनका सच टिक नहीं पा रहा। ऐसे में सीपीआई (एम) की नेता वृन्दा करात का विध्वंस के बुलडोजर के सामने खड़ा हो जाना एक टर्निंग पाइंट बन सकता है। बुलडोजर अगर प्रतीक है अन्याय का तो उसके सामने जाकर खड़ा हो जाने वाला भी प्रतीक है अन्याय से लड़ने का। जुल्म के प्रतिरोध का। उनके साहस और बहादुरी से उठाए गए कदम को अगर लेफ्ट समझे तो वह उसके लिए भी पूरे देश में और खासतौर से हिन्दी बेल्ट में फिर से अपनी जगह बनाने का एक सुनहरा मौका बन सकता है। भारत में हम अनुयायी प्रवृति के लोग हैं। हीरो के पीछे चलने वाले। लेफ्ट व्यक्ति पूजा का विरोध ी है। सब हैं। मगर देश की राजनीति आज मोदी भक्ति में ही चल रही है। उनसे पहले इन्दिरा गांधी बड़ी नायक हुईं। उनके कटु आलोचक वाजपेयी तक ने उन्हें दुर्गा कहा। नेहरू तो सर्वकालिक महानायक हैं। इसीलिए आज तक भाजपा और संघ परिवार की नफरत का शिकार हैं। ज्योति वसु का व्यक्तित्व ही था कि उन्हें प्रधानमंत्री का पद आफर हुआ। वृन्दा या कोई भी उतना बड़ा नेता नहीं है। न ही यहां नेताओं की आपसी तुलना करने का कोई इरादा है। लेकिन जब सुप्रीम कोर्ट का आर्डर भी कोई मानने को तैयार नहीं था और गरीबों की दुकान, मकान तोड़ने की राक्षसी खुशी, अजहास का माहौल था तब एक महिला नेता बुलडोजर के सामने खड़ी हो गई और उसने अपनी जान पर खेलकर बुलडोजर रुकवा दिया। सीपीआई (एम) को इस मौके का फायदा उठाना चाहिए। कुछ समय बाद साहस की इस पहल का असर भी खत्म हो जाएगा। राजनीति में वही बात चलती है जिसे जिन्दा रखा जाता है। लेफ्ट इस समय अपनी सबसे कमजोर स्थिति में है। बहुत लोगों को यह मालूम नहीं होगा कि 1952 के पहले आम चुनाव में कांग्रेस के बाद सबसे ज्यादा सीटें किस पार्टी को मिली थीं। मुख्य विपक्षी दल कौन था? वह थी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ( अविभाजित)। दूसरे आम चुनाव 1957 में भी वही थी। भारत का पहला गैर–कांग्रेसी मुख्यमंत्री भी कम्युनिस्ट ही बना था। केरल में नम्बूदरीपाद। मगर ये इतिहास अब कम्युनिस्टों को भी गौरव और प्रेरणा से नहीं भरता। वे भी हताशा के गहरे दौर में पहुंच गए हैं। इतिहास हमेशा लड़ने वालों को ही मौका देता है। कम्युनिस्टों को उसने कम नहीं दिए। 25– 26 साल पहले एक महान मौका आया था। उस समय के पश्चिमी बंगाल के मुख्यमंत्री ज्योति वसु के प्रधानमंत्री बनने का। मगर सीपीआई (एम) ने उसे ठुकरा दिया। बाद में इसे हिमालयन भूल माना गया। मगर फिर क्या होना था? मौका हाथ से निकल गया। सिद्धांत और व्यवहार की राजनीति का यह द्वंद बहुत पुराना है। मगर इसमें यहां बस इतना ही कि सिद्धांतों पर अमल करने उन्हें लागू करने के लिए हमें अपना अस्तित्व भी बनाए रखना होगा। संसदीय राजनीति में सत्ता निरपेक्ष रहकर न लेफ्ट कुछ कर सकता है न राहुल गांधी। और ऐसे डेड आदर्श वालों को यह भी याद रखना चाहिए कि वे राजनीति राजनीति के लिए नहीं कर रहे हैं। राजनीति गरीब, कमजोर, सताए गए लोगों के लिए कर रहे हैं। अगर उनकी शांति से जीने देने, रोजी, रोटी की समस्या हल करने की स्थिति में नहीं आएंगे तो क्या उनके साथ विश्वासघात नहीं होगा? बुलडोजर देश में ही नहीं, भारत के बाहर भी एक अन्याय का प्रतीक बन गया है। उस अन्याय को रोकने का अपूर्व साहस भी एक और प्रतीक बन सकता है। यह सही है कि प्रतीकों से पूरी राजनीति नहीं हो सकती। मगर प्रतीक से राजनीति बनती है। हम फिर बता रहे हैं कि तुलनाओं में मत जाइएगा। हम सिर्फ कुछ उदाहरण बता रहे हैं जहां प्रतीकों ने इतिहास बदल दिया। गांधी ने दांडी में सिर्फ एक मुठ्ठी नमक बनाया था। आम्बेडकर ने महाड में एक चुल्लू पानी पिया था। और इनके बाद का इतिहास सब को मालूम है। राजनीति मौकों की चीज होती है। अवसरों को भुनाने की कला। दूसरी ओर बिना वोट की राजनीति, समर्थन की चिन्ता करे अपने सिद्धांतों के लिए कहीं भी कूद पड़ने वाले वामपंथियों के लिए मौके चूकने की चीज होती है। मौके गंवाने में उन्हें महारत हासिल है। ज्योति वसु को प्रधानमंत्री नहीं बनाने देने के बाद 2009 में यूपीए को निरंकुश छोड़ देने का फैसला भी बाद में एक बड़ी गलती साबित हुआ। कांग्रेस के लिए, लेफ्ट के लिए, आम जनता के लिए, सबके लिए। ऐसे ही सीताराम येचुरी को राज्यसभा से हटाना संसद में खुद अपनी आवाज कमजोर करने का फैसला बना। दूसरी तरफ इसके उलट एकदम गैर–सिद्धांतवादी और अवसरवादी राजनीति को समर्थन देने के फैसले। 1977 में जनता पार्टी को समर्थन फिर वीपी सिंह के साथ फिर अन्ना हजारे के साथ। इन समर्थनों का कोई सैद्धांतिक पक्ष नहीं था। लेकिन उस पर कभी कोई बहस नहीं हुई। मगर एक सार्थक और राजनीति को बदलने वाली ज्योति वसु की पेशकश को गिराने के लिए लंबी सैद्धांतिक बहसें हुईं। लेफ्ट का 30 साल पश्चिम बंगाल में शासन चला। मगर आज वहां विधानसभा में उसकी एक भी सीट नहीं है। 2011 में उसका 30 साल का शासन खत्म होने पर हमने लिखा था– हार का ओपन सिक्रेट। पार्टी के अंदर बाहरी तत्वों का जिनमें अवसरवादी गुंडे ज्यादा थे का शामिल होना। इस गुंडाइज्म को सीपीआई (एम) के नेताओं ने स्वीकार भी किया था। आज भाजपा की हालत भी वैसी ही है। इसकी भीड़ में गुंडा तत्वों की भरमार हो गई है। सत्ता में जो भी पार्टी लंबे समय तक रहती है उसमें यह समस्या आ जाती है।



# जांच करने गए जेई व लाइनमैन को पीटा, छह लोगों को लिया हिरासत में

देवरियारू तरकुलवा थाना क्षेत्र के कौला मुंडेरा में दोपहर बिजली चेकिग करने गए अवर अभियंता (जेई) व लाइनमैन की कुछ लोगों ने पिटाई कर दी, जिसके बाद बिजली विभाग के कर्मचारी आक्रोशित हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने छह लोगों को हिरासत में ले लिया। कार्रवाई के लिए घायल अवर अभियंता ने पुलिस को तहरीर दी है। देर रात तक एसडीओ व जनपद भर के अवर अभियंता कार्रवाई की मांग को लेकर थाने में जमे हुए थे। तरकुलवा के अवर अभियंता संदीप कुमार कर्मचारियों के साथ कौला मुंडेरा में जांच करने के लिए गए थे। इस बीच सुनील नाम के एक युवक की दुकान पर पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि वह केबल से दुकान में लाइट जला रहा है। उन्होंने लाइट जलाने का कागजात मांगा तो वह नहीं दे सका। इस पर उन्होंने केबल काट दिया। इससे वह नाराज हो गया और कुछ लोगों के साथ मिलकर अवर अभियंता व लाइनमैन की पिटाई कर दी। इस बीच ग्राम प्रधान भी आ गए और बीच बचाव कर मामले को शांत कराने का प्रयास किया। पुलिस के पहुंचते ही हमलावर भागने लगे। पुलिस ने छह लोगों को मौके से ही हिरासत में ले लिया। इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह ने कहा कि तहरीर मिली है। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। अधीक्षण अभियंता जीसी यादव ने कहा कि कर्मचारियों के साथ गलत हुआ है। तहरीर दे दी गई है। पुलिस के उच्चाधिकारियों से भी मैंने बात किया है। दोषियों पर कार्रवाई होगी। उधर एसडीओ प्रत्युष बल्लभ, अवर अभियंता पुष्कर उपाध्याय, रोशन कुमार, अमित सिंह, बृजेश कुमार समेत अन्य कर्मचारी भी थाने पहुंच गए। संगठन के पुष्कर उपाध्याय ने कहा कि आरोपितों पर गंभीर कार्रवाई होनी चाहिए। अगर कार्रवाई में शिथिलता बरती जाती है तो पूरे जनपद के लाइनमैन व जेई हड़ताल करेंगे।

# अनियंत्रित कार से किशोर व पिकअप से युवक की मृत्यु

महराजगंज। महराजगंज जिले के फरेंदा व सिदुरिया थाना क्षेत्रों में हुई दो अलग–अलग मार्ग दुर्घटनाओं में किशोर व युवक की मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की। आनंदनगर संवाददाता के अनुसार फरेंदा थाना के सिधावारी निवासी वीरेंद्र कुमार का पुत्र सुमित सुबह सड़क के किनारे खड़ा था। इसी बीच फरेंदा की तरफ से तेज गति से आ रही कार ने उसे रौंद दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मिठौरा संवाददाता के अनुसार सिदुरिया थाना क्षेत्र के मिठौरा टोला हरतोड़वा निवासी गोलू भारती मोटरसाइकिल लेकर सायं साढ़े छह बजे भागाटार से घर आ रहा था। इसी दौरान पुलिस चौकी मिठौरा के समीप सामने से आ रहे पिकअप ने ठोकर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस की मदद से स्वजन उसे सीएचसी जगदौर ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में आठ बजे इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। थानाध्यक्ष सिदुरिया रामकृष्ण यादव ने बताया कि पिकअप को चौकी पर खड़ा करा दिया गया है। मामले में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# टेंपो व कार की टक्कर में छात्रा समेत चार घायल

लक्ष्मीपुर। पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र के पैसिया ललाइन पेट्रोल पंप के पास दोपहर में हुई टेंपों व कार की टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद कार लेकर चालक फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से दो को मेडिकल कालेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया। दोपहर में फरेंदा की तरफ से कोल्हुई जा रही टेंपो जैसे ही पैसिया ललाइन पेट्रोल पंप के पास पहुंची थी कि सामने से कोल्हुई की तरफ से तेज गति से आ रही कार में सामने से जोरदार टक्कर हो गई। आटो में सवार सिद्धार्थनगर लोटन थाना क्षेत्र के पड़रहवां निवासी मोहम्मद युनूस, कोल्हुई निवासी व आईटीएम कालेज महराजगंज की छात्रा आंचल वर्मा, थरौली निवासी व टेंपो चालक अब्दुल करीम व छितरापुर निवासी रामनारायण गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने चारों आरोपितों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां मोहम्मद युनूस व आंचल की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया है।

# सीडीआर खंगाल रही पुलिस, आरोपित पक्ष ने लगाया साजिश का आरोप

महराजगंज। शहर के एक कालेज के बाथरूम में छात्रा के साथ दुष्कर्म की कोशिश के मामले में पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। आरोपितों के मोबाइल का सीडीआर खंगालने के साथ कालेज के क्राइम सीन और सीसीटीवी फुटेज को पुनरू बारीकी से देखा जा रहा है। कालेज के कुछ लोगों से भी पुलिस जानकारी जुटा रही है, जबकि चार अन्य लोगों से भी पूछताछ चल रही है। उधर दोपहर में आरोपित पक्ष के समर्थन में कई ग्रामीणों ने एएसपी को प्रार्थना पत्र देकर पूरे मामले को साजिश बताया। पुलिस दोनों पक्षों से बात कर मामले में साक्ष्य संकलन में लगी हुई है। घटनाक्रम के मुताबिक शुक्रवार के शाम की पाली में परीक्षा के बाद बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा के साथ यह घटना हुई थी, छात्रा ने बताया था कि वह किसी को पहचान तो नहीं सकी थी, लेकिन एक आरोपित के हाथ पर उसने दांत से काटा था। उधर छात्रा के भाई ने तहरीर देकर गांव के ही एक युवक व उसके फुफेरे भाई पर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो नामजद प्रदुम्न और रजनीश के अलावा एक अज्ञात के विरुद्ध दुष्कर्म के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कालेज पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी की जांच करने के बाद तैनात कर्मियों से भी पूछताछ किया था, लेकिन घटना से संबंधित कोई अहम साक्ष्य हाथ नहीं लग सके। अब पुलिस आरोपितों की सीडीआर की मदद से जांच में आगे बढ़ रही है। आरोपित पक्ष ने झूठे आरोप में फंसाने का लगाया आरोपः ग्रामीणों के साथ नामजद आरोपित प्रद्युम्न के पिता ने एएसपी को पत्रक देकर बताया कि उसके बेटे व भांजे पर दुष्कर्म के प्रयास का झूठा आरोप लगाकर फंसाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 25 अप्रैल से परीक्षा को लेकर दोनों 13 अप्रैल के बाद से ही कालेज नहीं जा रहे थे। घटना के दिन 22 अप्रैल को उनका बेटा अपने जीजा के साथ गोरखपुर गया था, और रात में वापस आया। आरोप लगाया कि गांव में ग्राम समाज की जमीन पर कब्जे को लेकर उसने विभिन्न जनसुनवाई में शिकायत की, जिसके रंजिश के कारण उसके परिवार को फंसाया जा रहा है। इस मामले की जांच कराने की मांग की और कहा कि ऐसा न होने पर दोनों बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा।

# चहारदीवारी तोड़ने व हमला के विरोध में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

देवरिया। दीवानी कचहरी के वरिष्ठ अधिवक्ता व पूर्व जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष सिंहासन गिरि की भूमि पर बने चहारदीवारी तोड़ने के विरोध में .अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया। पुलिस के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। आरोप लगाया कि कोतवाली पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। डीएम कार्यकक्ष में पहुंचकर अधिवक्ताओं ने हंगामा किया। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह की तरफ से कार्रवाई के आश्वासन पर शांत हुए। जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। आरोपितों की गिरफ्तारी तक न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। शहर के सिधी मिल कालोनी के रहने वाले जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष सिंहासन गिरि की राम गुलाम टोला मोहल्ले में भूमि है। जिस पर अर्ध्दधनिर्मित कटरैन, शौचालय, हैंडपंप व चहारदीवारी व दरवाजा लगा है।. रात में असामाजिक तत्वों ने चहारदीवारी तोड़ दी। इसकी जानकारी मिलने पर अधिवक्ताओं के साथ मौके पर गए। आरोपितों ने न केवल अभद्र व्यवहार किया, बल्कि जान से मारने के लिए कट्टे से फायर भी किया लेकिन गोली मिस हो गई। असामाजिक तत्वों ने नकदी व अन्य सामान भी लूट ले गए। अधिवक्ताओं ने शहर कोतवाल को फोन किया लेकिन सीयूजी नंबर रिसीव नहीं हुआ। जिसके बाद सीओ श्रीयश त्रिपाठी को जानकारी दी। सीओ ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली और कार्रवाई का निर्देश दिया। आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने व गिरफ्तारी की मांग को लेकर अधिवक्ता आंदोलित हो गए। डीएम ने पुलिस अधीक्षक से बात की और आरोपितों की गिरफ्तारी करने को कहा। इस दौरान जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार दीक्षित, मंत्री शक्तिधर पांडेय, पूर्व अध्यक्ष सुभाष चंद्र राव, लल्लन मिश्र, मनोज राय, सुरेंद्र तिवारी, वरुण तिवारी, अभिषेक मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# बिजली कटौती को लेकर एसडीओ व जेई को लोगों ने घेरा

देवरिया। बरहज के जयनगर स्थित विद्युत वितरण उप खंड कार्यालय पर विद्युत कटौती को लेकर लोग आक्रोशित हो गए। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अजीत जायसवाल के नेतृत्व में प्रदर्शन करने के साथ ही एसडीओ व जेई को घेर लिया। एक घंटे के बाद एसडीओ ने समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। जिसके बाद लोग माने।

पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अजीत जायसवाल विद्युत कटौती, विद्युत बिलों में सुधार, आए दिन हो रहे फाल्ट सुधार की समस्या को लेकर जयनगर विद्युत वितरण उपखंड केंद्र पर पहुंचे। लोगों के साथ मांगों को लेकर विद्युत वितरण उपखंड कार्यालय के सामने बैठ गए। एसडीओ रोहित कुमार पांडेय, जेई नगर रोहित सान्याल पहुंचे तो लोगों ने अपने घेरे में रोक लिया।

विद्युत उपभोक्ताओं का कहना था कि छोटे–छोटे फाल्ट को ठीक करने में कई दिनों का समय लग जा रहा है। जिसके कारण विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। बिल में सुधार करने के नाम पर लोगों को परेशान किया जा रहा है। विद्युत कटौती के कारण गर्मी के मौसम में लोग परेशान हैं। एसडीओ ने लोगों को समस्याओं का शीघ्र समाधान करा देने का आश्वासन दिया। जिसके बाद लोगों माने।

इस दौरान तारकेश्वर वर्मा,कृष्णमुरारी अग्रवाल, रवि जायसवाल, पुरुषोत्तम जायसवाल, अरविद जायसवाल,अमित सोनी, मुन्ना वर्मा, रतन सोनकर, आलोक गुप्त आदि मौजूद रहे। अजीत जायसवाल ने बताया कि बिजली बिल व कनेक्शन काटने व जोड़ने के नाम पर कुछ बिचौलिए सक्रिय हो गए हैं। उपभोक्ता बिजली विभाग के अधिकारियों के मोबाइल पर अपनी समस्या दर्ज कराने के लिए फोन कर रहे हैं तो वह रिसीव तक नहीं कर रहे हैं। एसडीओ ने कहा कि लोगों की समस्या का समाधान किया जाएगा।

# जल निकासी कार्य की धीमी प्रगति पर डीएम ने जताई नाराजगी

देवरिया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने खोराराम रोड स्थित कुर्ना नाले पर शहर की जल निकासी से जुड़ी परियोजना के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान धीमी प्रगति पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर की और ठीकेदार से हर 400 श्रमिक लगाकर समय से कार्य परियोजना को पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्य में शिथिलता दिखती है तो ठीकेदार को नोटिस देने के साथ ही अर्थदंड भी लगाया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। शहर के जल निकासी की समस्या से जुड़ी यह महत्वपूर्ण परियोजना है। बरसात के पहले इस परियोजना को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि तीन माह से शुरू हुई इस परियोजना में अब तक की कार्य प्रगति में मात्र 115 मीटर में ही खोदाई व सरिया डालने का कार्य हुआ है। इस धीमी प्रगति से इस परियोजना के पूर्ण होने में काफी समय लग सकता है, इसलिए कम से कम प्रति दिन 400 श्रमिक लगाएं और समयबद्धता के साथ कार्य को पूर्ण किया जाए। उन्होने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश दिया कि कार्य शर्त अनुसार प्रति दिन होने वाले कार्यो का अनुश्रवण कर उसे अपडेट करते हुए मुझे भी अवगत कराते रहे। निरीक्षण के समय बताया गया कि 34 श्रमिक कार्य कर रहे है। मौके पर 08 श्रमिक कार्य पर लगे हुए पाए गए और शेष श्रमिक सरिया उतारने के कार्य में लगे हुए थे। उन्होने अधिशासी अभियंता जल निगम को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय पर कार्य पूर्ण नहीं होगा और शहर में जल जमाव की समस्या बनी तो इसके लिए जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार, एसडीएम सौरभ सिंह, अधिशासी अभियंता जल निगम प्रदीप चौरसिया समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जागरूकता बढ़ी तो घटने लगे जेइ–एइएस के रोगी

महराजगंज। जापानी इंसेफ्लाइटिस (जेइ)–एइएस को लेकर शासन की बेहतर मानिटरिग और लोगों में जागरूकता की देन है कि साल दर साल जेइ–एइएस के मामले में गिरावट आई है। वर्ष 2017 में 437 मामले थे, लेकिन वर्ष 2021 के अंत तक 177 मामले दर्ज किए गए हैं। सीजन शुरू होने से पहले संवेदनशील जिले में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया को लेकर भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है। धनात्मक लार्वा एवं लार्वा के स्त्रोत को खोजने के लिए मलेरिया विभाग की चार टीमें लगी हैं। संचारी रोगों से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर–घर जा रहीं हैं। स्टीकर भी लगा रही हैं। साथ में यह भी संदेह दे रहीं हैं कि इस बीमारियों के लक्षण दिखें तो नजदीक के सरकारी अस्पताल में जांच कराएं। जिला मलेरिया अधिकारी त्रिभुवन चौधरी ने बताया कि उच्च जोखिम वाले 50 ग्राम पंचायतों में से मलेरिया विभाग की टीमों ने सात से 18 अप्रैल के बीच 381 घरों पर गई। टीम ने जहां 18 घरों तथा 21 कंटेनरों अर्थात कुल 39 स्थानों से डेंगू के धनात्मक लार्वा को नष्ट किया। टीम में मलेरिया निरीक्षक राहुल सिंह, अंकित चौधरी, कुमारी प्रीति आनंद व एसएफओ सराफुलहक खां शामिल हैं। जिले के उच्च जोखिम वाले 50 गांव में फोकसः उच्च जोखिम ग्राम पंचायतों में कोटा मुकुंदपुर, बहदुरी, कोल्हुई, खेसरारी, सिसवा, बैरवा चंदनपुर, हथियागढ़, मेहदिया, बरगदवा विशुनपुर, अमरूतियां बाजार, चेहरी, धनेवा धनेई, करमहा, खेमपिपरा, लखिमा, महराजगंज, नटवा, रामपुर महुअवा, औराटार, बरगदही बसंतनाथ, हरतोड़वा, पनेवा पनेई, पतरेंगवा, चौक बाजार, धानी, घुघली, जयश्री, निचलौल, शीतलापुर, बन्नी ओड़वलिया, लक्ष्मीपुर, पुरैना, बजही, भगवानपुर, ठूठीबारी, हरिगांवा, परतावल, रामपुर उपाध्याय, श्यामदेउरवा, लेजार महदेवा, सेखुई, मथुरा नगर, भवानीपुर, जंगल जरलहा उर्फ अनंतपुर, फरेन्दा खुर्द, रूदलापुर, दरबार, मरचहवा लक्ष्मीपुर, बैकुंठपुर, महदेइया तथा सेवतरी है।

# फुटपाथ पर चल रही दुकानदारी, मुश्किल में सवारी

महराजगंज। बाजारों में फुटपाथ पर सामान बेचे जा रहे हैं, जिससे यहां से निकलना मुश्किल हो रहा है। बाजारों में दिनभर जाम की स्थिति रहती है। पुलिस द्वारा अतिक्रमण न करने की समय–समय पर चेतावनी दी जाती है। जब पुलिस कर्मचारी जाते हैं तो सामान हटा लिए जाते हैं और उसके लौटते ही फिर फुटपाथ पर सामान सजा दिए जाते हैं।

लगाकर दुकानदारी शुरू कर दी जाती है। शहर के कालेज रोड पर सक्सेना तिराहे से लेकर चौक मोड़ और मऊपाकड़ तक बस स्टेशन के अलावा टैक्सी स्टैंड व कालेज होने के कारण इस समस्या से आए दिन जाम लगता है, और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शहर कालेज रोड पर नगर पालिका परिषद कार्यालय गेट से लेकर जिला परिषद और बस स्टेशन तक सड़क के बीच में प्लास्टिक का रंबल स्ट्रीप लगी हुई है। इस रोड पर ज्यादातर फल विक्रेता, रेडिमेड व खाद बीज की दुकानें हैं। वहीं अन्य सामान बेचने की दुकान है। यहां पर कई दुकानदारों ने फुटपाथ पर सामान डाला हुआ है। जिससे यहां से निकलना मुश्किल हो रहा है। इससे आमजन को काफी दिक्कतें आ रही है।

कालेज रोड पर रहती है सर्वाधिक जाम की स्थितिः शहर के कालेज रोड पर दुकानदारों ने अपना सामान फुटपाथ पर रखा हुआ है। यहां पर कूलर, अनाज की टंकी व फलों समेत कपड़ा व्यापारियों ने भी फुटपाथ पर पूरी तरह से कब्जा किया हुआ है। इसी के साथ रोड तक सामान डाल हुआ है। इससे यहां पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। सर्वाधिक जाम सुबह बच्चों के स्कूल जाते और छुट्टी के बाद वापस आने के दौरान लगती है। जाम से लोगों का रोड से निकलना मुश्किल हो रहा है। इसके बाद भी यहां पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

दुकानदार दुकान के आगे लगी स्टाल का वसूलते हैं किरायाः शहर के सक्सेना तिराहे से लेकर मऊपाकड़ तक सड़क किनारे दुकानदारों ने दुकानों के आगे तरह–तरह के सामने बेचने वालों की स्टालें लगाई हुई है। नगर पालिका इन स्टाल से किराया वसूले न वसूले लेकिन जिन दुकानों के सामने स्टाल लगते हैं वे दुकानदार इन स्टाल लगाने वालों से प्रतिमाह किराया जरूर ले रहे हैं। यहां पर लगने वाली स्टालों के बारे में पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को भी पता है। इसके बाद भी इन्हें नहीं हटाया जा रहा है।

# योजना का लाभ पाने के लिए आवेदन करें पात्रः सीडीओ

महराजगंज। शासन की योजनाएं जनता तक पहुंचाने के लिए महराजगंज पहल कार्यक्रम तहत जिले के 12 गांवों में शिविर लगाया गया। इस दौरान कुल 3737 आवेदन आएं, जिसमें 926 का निस्तारण किया गया। सर्वाधिक मांग आवास और शौचालय की रही। दुबौलिया, झागपार, तिलकवनिया मुसहर टोला, तिकोनिया वनटांगिया, गिदहां, कंपार्ट नंबर 26 व 27, विषखोप, डोमा डोमा कोठी, विशुनपुरा, बलुआ, फरेंदा सर्वजीत और सोनबरसा में शिविर में बड़ी संख्या में लोग उमड़े रहे। परतावल, भिटौली संवाददाता के अनुसार बलुआ में पहल के माध्यम से मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने जनता से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि पहल कार्यक्रम का उद्देश्य पात्रों को सरकारी योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत मिले। आमजन आवेदन करें और योजना का लाभ प्राप्त करें। इसी क्रम में उन्होंने प्राथमिक विद्यालय के बाउंड्री वाल कराने के निर्देश दिए, बच्चों के साथ कुछ वक्त बिताया और बच्चों से उनके पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। पंचायत भवन न होने पर तत्काल बीडीओ लक्ष्मण चतुर्वेदी को भूमि का सीमांकन कराकर पंचायत भवन बनवाने का निर्देश दिया। जिस पर बीडीओ ने लेखपाल अंजनी पटेल से ग्राम प्रधान जैनुद्दीन की मौजूदगी में भूमि का सीमांकन कराया। सीडीओ ने मनरेगा से आंगनबाड़ी केंद्र बनवाने का निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिया। एडीओ पंचायत विनय पांडेय, सचिव सुमन गुप्ता, अंजली, प्रधान जैनुद्दीन, जेई राम प्रताप यादव आदि मौजूद रहे। ग्राम सचिवालय विशुनपुरा के प्रांगण में प्रधान सरोज की अध्यक्षता में शिविर लगाया गया, जिसमें 319 मामले आए। खंड विकास अधिकारी पनियरा डॉ शुशांत सिंह, आपूर्ति विभाग से उमर खान, सहायक विकास अधिकारी पंचायत आनन्द पांडेय, ग्राम पंचायत अधिकारी वेद प्रकाश मोदनवाल, ग्राम पंचायत अधिकारी रजनीश सिंह, सहायक विकास अधिकारी अक्कतर अली, कृषि विभाग से अमित पासवान, पंचायत सहायक शशि वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य घनश्याम वर्मा पूर्व प्रधानाचार्य त्रियोगी नारायण त्रिपाठी, आलमगीर, बलकेशा, शैलेन्द्र, वशिष्ठ नारायण वर्मा, शेषमुनि पाल आदि उपस्थित रहे। चौक संवाददाता के अनुसार स्थानीय क्षेत्र के ग्राम सभा सिहुली परसा के वनग्राम 27 स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में शिविर में कुल 143 मामले आए। सहायक विकास अधिकारी पंचायत पवन कुमार गुप्ता ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एक ही स्थान पर ग्रामीणों को समस्त सरकारी सुविधाओं को उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रियंका गुप्ता,पूर्व ग्राम प्रधान नागेंद्र गुप्ता,एडीओ कृषि सुरेंद्र प्रताप दूबे सहित हल्का लेखपाल फेकू प्रसाद,आशा प्रसाद,के अतिरिक्त विनोद कुमार,अंजली सिंह,पिटू मद्धेशिया आदि लोग उपस्थित रहे। परसामलिक संवाददाता के अनुसार विषखोप गांव के प्राथमिक विद्यालय परिसर में चौपाल में कुल 367 आवेदन प्राप्त हुए। प्रभारी एडीओ पंचायत देवेंद्र यादव, ग्राम पंचायत सचिव धीरु यादव,अशोक कुमार, बालेश्वर ग्राम प्रधान कमलावती देवी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। शिविर में निस्तारित मामलेः आयुष्मान कार्ड के आए 49 मामले में से एक का भी निस्तारण नहीं हो सका। जबकि राजस्व वाद के 91 में से 38, पेंशन के 289 में से 63, राशनकार्ड के 313 में से 88, मनरेगा जाबकार्ड के 105 में से 26, शौचालय के 510 में से 163, आवास के 1904 में से 168, पीएम किसान सम्मान निधि के 309 में से 218, परिवार रजिस्टर के 163 में से 162 का निस्तारण किया गया।

# गांव का विकास सड़कों से ही सम्भव– जि. प. स. जय प्रकाश भारती

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। गांव का विकास सड़कों से ही सम्भव है। जब गाँव



में अच्छी सड़के होंगी तभी गांव के लोग सुगमता से आत्मनिर्भर होंगे उक्त बातें जिला पंचायत सदस्य वार्डसंख्या 43 डा जय प्रकाश भारती ने ग्राम पंचायत चिलवां में 190 मिटर सी सी रोड पिच सड़क से काली मंदिर तक जो दस लाख से बन कर तैयार हुई है। उसके उद्घाटन समारोह में कही। आगे उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में योगी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार है। यह सरकार गांव के विकास के लिए पानी की तरह पैसा लगा रही है। गांव में विकास से ही देश का का विकास होगा। इस अवसर पर चिलवां के प्रधान रणवीर चन्द कौशिक, जिला उपाध्यक्ष हियुवा रतनप्रकास दूबे, घनेश्याम मौर्य, गुलाम दूबे, विजय प्रजापति, स्नेही, श्रवण निषाद, चून्नू मौर्य, धर्म चन्द केवट आदि उपस्थित थे।

# अनुचित साधन प्रयोग करते बी ए की छात्रा पकड़ी गई

## केन्द्राध्यक्ष ने किया रिस्टिकेट

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। गोला क्षेत्र के बंशी चन्द पी जी कालेज चिलवां में सुबह की पाली में चल रही हिन्दी तृतीय वर्ष की परीक्षा में हिन्दी द्वितीय प्रश्न–पत्र संकेतांक 3474 में महा विद्यालय डा श्याम नराण राय की छात्रा कुमारी दिब्यांजली पुत्री श्रवण कुमार अनुक्रमां 2210117830025 को महा विद्यालय के आंतरिक सचल दल द्वारा सघन चेकिंग के समय प्रातः 9.05 बजे पकड़ा गया जिसे केन्द्राध्यक्ष के द्वारा अनुचित साधन प्रयोग के नियमानुसार कार्यवाही किया गया।

# न्यायाधीश ने किया जिला जेल का निरीक्षण, आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के दिये निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलरामपुर नरेन्द्र बहादुर द्वारा जिला जेल, बलरामपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष द्वारा भोजनालय का निरीक्षण किया गया, जिसमें जेल मेन्यू के अनुसार बन्दियों को भोजन उपलब्ध कराने हेतु प्रभारी जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया एवं महिला बैरिक का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय महिला बन्दियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया, तो महिला बन्दियों द्वारा बताया गया कि कोविड के टीके का प्रमाण पत्र दिलाने की याचना की गयी। इस मौके पर उनके द्वारा प्रभारी जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि कोविड



का प्रमाण पत्र सभी महिला बन्दियों को तत्काल उपलब्ध कराये और उनके द्वारा बन्दियों के पास अपने मामले के पैरवी हेतु अधिवक्ताओ की उपलब्धताध पैरवी के सम्बन्ध में पूछताछ की गई। उन्होंने कहा कि यदि किसी बन्दी के पास अपने मुकदमें के पैरवी हेतु अधिवक्ता न हो तो जेल अधीक्षक के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलरामपुर को भेज सकते है। जेल अधीक्षक को कारागार की समुचित साफ–सफाई, बन्दियों को पीने योग्य पानी की उपलब्धता, गर्मी में मच्छरों से बचने हेतु नियमित फागिंग कराये जाने तथा बीमार बन्दियों को समुचित इलाज उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के दिशा–निर्देशों के अनुसार महिला बन्दियों के साथ रह रहे सभी बच्चों को सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। जिला कारागार में स्थापित लीगल एड क्लीनिक में नामित पी0एल0वी0 द्वारा सभी बन्दियों का डाटा कम्प्यूटर पर अपलोड कराने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया जिससे समय पर सूचना मिल सके। निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रत्नेश दीपकमल आनन्द, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ज्ञानेन्द्र कुमार एवं उपकारपाल व अन्य अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गुरुजनों का आशीर्वाद पाकर भावविभोर हुए छात्र



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। अनपरा रूतापीय परियोजना आवासीय परिसर स्थित संत फ्रांसिस स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2021–22 के बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल कार्यक्रम आयोजित किया गया। संगीत शिक्षक पवन गुरिया के नेतृत्व में प्रार्थना दृ गीत के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। वरिष्ठ शिक्षक सत्य प्रकाश श्रीवास्तव और विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर रॉबर्ट सुनील नोरोन्हा ने अपने सम्बोधन में विद्यार्थी जीवन को जीवन का स्वर्णकाल बताते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्रा लिमा सूसन सुनील ने विद्यालय के अध्यापक–अध्यापिकाओं के प्रशंसनीय मार्गदर्शन और योगदान को रेखांकित करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों को मोमेंटो प्रदान किया। समारोह का संचालन अंग्रेजी प्रवक्ता शिखा आहूजा ने किया इस अवसर पर विमलेश शर्मा, सृष्टिधर महतो, सुनील सिरिल, ओम प्रकाश राय, नीरज श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, विनय तिवारी, शैलू शर्मा, मनोज शर्मा, प्रशांत मणि त्रिपाठी, मर्सी जोसफ आदि उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समिति का किया जायेगा गठन

लखनऊ। प्रतियोगी छात्र–छात्राओं के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत जिले स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समिति का गठन किये जाने हेतु शासनादेश जारी किया गया है। इस संबंध में जारी शासनादेश में विशेष सचिव समाज कल्याण रजनीश चन्द्र ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना को जनपद स्तर पर संचालित किये जाने हेतु विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के छात्रों की सहायता के लिए जिला स्तर पर वर्चुअल एवं साक्षात कक्षाओं का आयोजन किया जायेगा, जिसके लिए संबंधित जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक समितिध्टास्क फोर्स गठित होगी। जो राज्य सरकार के अधिकारियों एवं अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारी तथा एक पूर्णकालिक शिक्षक एवं समन्वय की सहायता से कक्षाओं का रोस्टर तैयार करेगी।

उन्होंने बताया कि गठित समिति में जिलाधिकारी अध्यक्ष एवं मुख्य विकास अधिकारी, उपाध्यक्ष और जिला विद्यालय निरीक्षक, जिलाविकास अधिकारी, प्राचार्य जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ावर्ग अधिकारी, जिला पंचायती राज अधिकारी, जिला खाद्य एवं वितरण अधिकारी, उप जिलाधिकारी, कोर्स–कोऑडिनेटर एवं जिलाधिकारी द्वारा नामित गैर सरकारी व्यक्ति सदस्य होगे तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी सदस्य सचिव होगे।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक सत्र में जिला स्तरीय समिति की कम से कम पॉच बैठकें आयोजित की जायेगी तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम का समय–समय पर अनुश्रवण किया जायेगा। प्रशिक्षण केन्द्रों में अध्यापन कार्य हेतु योग्य, अनुभवी एवं प्रोफेशनल व्याख्याताओं की सेवायें अतिथि व्याख्याताओं के रूप में ली जायेगी। योग्यध्अनुभवी व्याख्याताओं को जिला स्तर पर चयन समिति की अनुशंसा से परीक्षण व्याख्यानध्ट्रॉयल लेक्चर के उपरान्त परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्रों में जिला स्तरीय समिति द्वारा सूचीबद्ध किया जायेगा। इस हेतु मार्गदर्शन का कार्य उपाम द्वारा किया जायेगा। व्याख्यान के लिए आमंत्रित किये जाने वाले विषय विशेषज्ञोंध वार्ताकारोंध्व्याख्याताओं को प्रति व्याख्यान दर 2000ध– रूपये निर्धारित प्रावधानों के अंतर्गत मानदेय का भुगतान किया जायेगा। एक व्याख्यान की अवधि 90 मिनट होगी। एक अतिथि प्रवक्ता को प्रतिमाह अधिकतम 30 व्याख्यान अनुमन्य होंगे।

जारी शासनादेश में मेधावी छात्रों के चयन में संशोधन करते हुए प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने वाले वही छात्र–छात्रायें अर्ह होंगे जो जेईईध्नीट हेतु कक्षा 11 एवं 12 में अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण विज्ञान वर्ग के छात्र हो एवं सिविल सेवाध पीसीएस परीक्षा के प्रशिक्षण हेतु स्नातक अंतिम वर्ष के छात्र अथवा स्नातक उत्तीर्ण छात्र अर्ह होगे। एनडीए ध्सीडीएसध्क्लैटध बैंकिंगध्उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोगध्टीजीटीध्पीजीटी आदि परीक्षाओं की शैक्षिक अर्हतायें भी संबंधित प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप होगी।

प्रत्येक वर्ष में एक बार उपाम द्वारा निर्धारित तिथि के अनुसार संबंधित कोर्स हेतु अभ्यर्थियों की आवश्यकतानुसार एक पात्रता परीक्षाध्चयन प्रक्रिया निर्धारित की जायेगी। उपाम द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा में संबंधित पाठ्यक्रम में छात्र उपलब्धा न होने अथवा जिन पाठयक्रमों की प्रवेश परीक्षा राज्य स्तर से आयोजित नहीं की गयी है, उन पाठ्यक्रमों की आवश्यकतानुसार संबंधित जिलाधिकारी अपने स्तर से समिति गठित कर छात्रों का चयन कर सकते हैं।

# किसान पाठशाला चलाकर किसानों को फसल बीमा योजना की दी गई जानकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत किसान



पाठशाला चलाकर किसानों को जागरूक किया जा रहा है किसान किस तरह खेती जिससे किसानों के फसल में ज्यादा उत्पादन हो सके किसानो को पाठशाला में ये भी बताया गया की खेती कैसे करे किस प्रकार से करना चाहिए और रोग लगने पर क्या क्या दवा डाले और खेत में जैविक खाद का ज्यादा प्रयोग करे और किसान केवाईसी और ई केवाईसी करा डाले जिससे प्रधानमंत्री फसल योजना का लाभ मिल सके किसान पाठशाला में ज्यादा किसान मौजूद रहे किसान पाठशाला करछुलिया खालसा, करछुलिया ग्रांट गांव के किसानो को किया गया जागरूक किसानो ने खेती के बारे में जानकारी भी ली। बीमा प्रतिनिधि अजय कुमार विश्वकर्मा, अरुण कुमार चौरसिया, किसन, मसीद्दीन, मुजीब, कुटुद्दीन, राजकुमार, कलम आदि किसान रहे मौजूद।

## प्रदेश में कोरोना संक्रमण के 203 नये मामले

लखनऊ। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्री अमित मोहन प्रसाद ने आज बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 91,673 सैम्पल की जांच की गयी। कोरोना संक्रमण के 203 नये मामले आये हैं। प्रदेश में अब तक कुल 11,07,90,314 सैम्पल की जांच की गयी हैं। उन्होंने बताया कि विगत 24 घण्टों में 162 लोग तथा अब तक कुल 20,48,482 लोग कोविड–19 से ठीक हुए हैं। उन्होने बताया कि प्रदेश में कोरोना के कुल 1316 एक्टिव मामले है। श्री प्रसाद ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में कल 25 अप्रैल, 2022 को एक दिन में 6,28,582 वैक्सीन की डोज दी गयी है। उन्होने बताया कि प्रदेश में कल तक 18 वर्ष से अधिक लोंगों को कुल पहली डोज 15,29,30,105 तथा दूसरी डोज 12,92,53,264 दी गयी। उन्होंने बताया कि 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 1,32,76,218 तथा दूसरी डोज 90,15,198 दी गयी है। 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 44,23,810 तथा दूसरी डोज 1,04,615 दी गयी। कल तक 27,09,612 प्रीकॉशन डोज दी गयी है। उन्होंने बताया कि कल तक कुल मिलाकर 31,17,12,822 वैक्सीन की डोज दी गयी है।

## सहकारिता विभाग द्वारा अब तक 13,629 किसानों से 57139.467 मी0 टन गेहूँ की हुई खरीद

लखनऊ मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत इस वित्तीय वर्ष में प्रदेश के समस्त जिलों में सहकारिता विभाग द्वारा खोले गये क्रय केन्द्रों पर गेहूँ क्रय किया जा रहा है। प्रदेश के सहकारिता मंत्री जयेन्द्र प्रताप सिंह राठौर ने बताया है कि प्रदेश में सहकारिता विभाग के खुले 4363 क्रय केन्द्रों पर केन्द्र प्रभारियों द्वारा गेहूँ खरीद की जा रही है। सभी केन्द्रों पर किसानों के बैठने के लिए छांव, पीने के लिए पानी, छनाई के लिए छलना, बोरे आदि समस्त व्यवस्थायें की गई हैं। किसी भी केन्द्र पर किसान भाईयों को कोई समस्या नहीं आने दी जा रही है। उन्होंने किसान भाईयों से अपील की है कि वे अपना गेहूँ क्रय केन्द्रों पर ही बेचें जिससे उन्हें उपज का सही मूल्य प्राप्त हो सके। उन्होंने केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिये हैं कि प्रदेश सरकार द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में किसानों से गेहूँ क्रय करें। किसी भी केन्द्र से शिकायत मिली तो संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। श्री राठौर ने बताया कि प्रदेश में अब तक सहकारिता विभाग द्वारा 13,629 किसानों से 57139.467 मी0 टन गेहूँ खरीदा गया, जिसमें रु0 6547.71 लाख का भुगतान किया जा चुका है।

## पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड

लखनऊ। इन्दिरानगर और डीसीपी उत्तरी साइबर क्राइम की संयुक्त पुलिस टीम औरबदमाश के बीच दिनदहाड़े मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस पार्टी पर फायर झोंक रहे बदमाश के दोनों पैरों में गोली लग गई। पुलिस की गोली से घायल बदमाश को अस्पताल जे जाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। एडीसीपी उत्तरी प्राची सिंह ने बताया कि बीते 17 अप्रैल को गुडम्बा थाना क्षेत्र स्थित टेढी पुलिया चौराहे पर कार सवार लोगों पर कुछ बदमाशों ने ताबडतोड़ फायरिंग की थी। उस मामले मुख्य आरोपी आरूष अरोरा उर्फ लव फरार चल रहा था। मुखबिर से इंस्पेक्टर गुडंबा कुलदीप सिंह गौर को सूचना मिली थी। उसी आधार पर गुडम्बा पुलिस, क्राइम टीम अश्वनी दीक्षित, अवधेश गिरी ने बदमाश का पीछा किया। इंदिरा नगर क्षेत्र के पिकनिक स्पॉट के पास इन्दिरानगर प्रभारी निरीक्षक रामफल प्रजापति की टीम भी पहुंची थी। बदमाश ने पुलिस को पीछा करता देख फायर झोंक दिया।

# वन मंत्री ने एयरशेड संकल्पना एवं वायु प्रदूषण की जानकारी प्रदान करने वाली एक वीडियो फिल्म का किया लोकापर्ण

लखनऊ। प्रदेश के वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अरूण कुमार सक्सेना ने कहा है कि वायु प्रदूषण एक गंभीर समस्या है, जिससे होने वाली बिमारियों का इलाज असम्भव है। केवल वायु प्रदूषण को कम करके बीमारियों से बचा जा सकता है। आवश्यक है कि सभी सरकारी विभाग एवं कारपोरेट्स प्रदेश के एयरशेड एप्रोच पर काम करें। वायु प्रदूषण कम करने हेतु एयरशेड एप्रोच की सफलता विभिन्न क्षेत्रों और विभागों के पारस्परिक समन्वय पर निर्भर है।

श्री सक्सेना ने यह विचार आज होटल ताज में उत्तर प्रदेश राज्य के लिए प्रस्तावित स्वच्छ वायु प्रबंध परियोजना हेतु विश्वबैंक के साथ दो दिवसीय ''स्टेक होल्डर्स कन्सलटेशन'' कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किये। इस अवसर पर उन्होंने एयरशेड संकल्पना एवं वायुप्रदूषण की जानकारी प्रदान करने वाली एक वीडियो फिल्म का लोकार्पण भी किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य राज्य के विभिन्न विभागों को स्वच्छ एयरशेड योजना, राज्य में वायु प्रदूषण के मुख्य कारकों की जानकारी देना एवं विश्वबैंक के द्वारा प्रस्तावित सहयोग के बारे में अवगत कराना है। उत्तर प्रदेश भारत का पहला राज्य है जो विश्वबैंक, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के सहयोग से स्वच्छ एयरशेड योजना का क्रियान्वयन कर रहा है।

श्री सक्सेना ने कहा कि विश्वबैंक राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) और 15वें वित्त आयोग के वायु प्रदूषण लक्ष्यों को पूरा करने के लिए राज्य को तकनीकी सहायता प्रदान कर रहा है। विश्व बैंक द्वारा एयरशेड एप्रोच और अंतर–विभागीय एप्रोच के तहत् उ0प्र0 स्वच्छ वायु कार्यक्रम के कार्यान्वयन का समर्थन करने का प्रस्ताव दिया गया है। विश्वबैंक द्वारा प्रस्तावित एनसीएपी के उद्देश्य उत्तर प्रदेश में वायु प्रदूषण के जोखिम को कम करना, सभी के लिए किफायती धुंआ रहित कुकिंग, परिवहन प्रणाली में सुधार, एअर क्वालिटी मैनेजमेंट में नौकरियों के अवसर उत्पन्न करना तथा किसानों की आय में वृद्धि इत्यादि से जुड़े हुए हैं।

अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन श्री मनोज सिंह द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश राज्य की भौगोलिक स्थिति राज्य में वायु प्रदूषण बढ़ाती है। चीन एवं दक्षिण कोरिया ने अपने देश में वायु प्रदूषण कम करने के लिए विगत 5 वर्षो में 60 प्रतिशत वायु प्रदूषण कम किया है। राज्य में खाना पकाने के स्वच्छ ईधन के प्रयोग, लघु उद्योगों में प्रदूषण कम करने के उपाय अपनाकर, परिवहन क्षेत्र में उचित प्रयासों द्वारा एवं नगरीय क्षेत्रों में फुटपाथ बनाकर वायु प्रदूषण कम किया जा सकता है। सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन आशीष तिवारी द्वारा कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए राज्य में वायु प्रदूषण के मुख्य कारको, स्वच्छ एयरशेड योजना एवं विश्वबैंक के द्वारा प्रस्तावित सहयोग के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। श्री आशीष तिवारी द्वारा अवगत कराया गया कि विश्व बैंक द्वारा ख्याति प्राप्त राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय संस्थानों के सहयोग से एक अध्ययन के द्वारा राज्य में वायु प्रदूषण के मुख्य कारको की सूची तैयार की गयी है, जिससे स्वच्छ एयरशेड योजना के तहत कार्यवाही बिन्दुओं का निर्धारण किया जा सके।

कार्यशाला में वर्ल्ड बैंक के प्रतिनिधि क्रिस्टाफे क्रेपिन, केनि सेफर्ड, ईशा श्रीवास्तव एवं उ0प्र0 के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास, परिवहन, नगर विकास, वित्त, सूक्ष्म लघु, मध्यम उद्यम एवं निर्यात प्रोत्साहन, कृषि, पशुपालन, अतिरिक्त ऊर्जा, दुग्धा विकास, लोक निर्माण, आवास एवं शहरी नियोजन, खाद्य एवं रसद, बाह्य सहायतित परियोजना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# उसका बाजार वासियों को मिले नए थाना अध्यक्ष

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। नए एसएचओ ने संभाली कार्य भार



मार पीट के मामले में एसएचओ सतीश कुमार सिंह को पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने पथरा थाने पर सेकंड ऑफिसर बनाए गए है डीसीआरबी के प्रभारी रह चुके सूर्यभान सिंह अब उसका बाजार के नए एसएचओ बनाए गए है सोमवार को रात में कार्यभार ग्रहण किए और कहे की पूरी ईमानदारी के साथ कार्य निर्वहन करेंगे उसका बाजार की पुलिस नए एसएचओ का फूल माला पहनाकर स्वागत किए।

# जीएम उत्तर रेलवे ने विभागाध्यक्षों व डीआरएम के साथ कार्य प्रगति की समीक्षा की

लखनऊ। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल ने उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की। मंगलवार को हुई बैठक में स्टेशनों पर प्लेटफार्मों का विस्तार, प्लेटफॉर्मों के लेवल में वृद्धि, वॉशेबल एप्रनों, दूसरे प्रवेश द्वार का प्रावधान, फुट–ओवर ब्रिजों, एस्केलेटरों, दिव्यांगजनों के लिए लिफ्टों की सुविधा, मुखद्वार सहित स्टेशन भवन का सुधार जैसी यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने पर चर्चा की गयी। उन्होंने गतिशीलता वृद्धि, विकासात्मक बुनियादी कार्यों, मालभाड़ा लदान और रेलपथों पर संरक्षा की भी समीक्षा की। गंगल ने बताया कि मालभाड़ा परिवहन में रॉलिंग स्टॉक के बेहतर उपयोग के लिए उत्तर रेलवे ने 14 अप्रैल से लेकर 20 अप्रैल 2022 के बीच 1209 क्रेक रेलगाड़ियों का परिचालन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की और अधिक रेलें चलाई जायेंगी। उन्होंने मानव शक्ति और क्रियू के बेहतर प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया। महाप्रबंधक ने रेलगाड़ियों की समयपालनबद्धता के बेहतर रिकॉर्ड को बनाए रखने और गतिशीलता को बढ़ाने से संबंधित कार्यों में तेजी लाने तथा कार्यों की प्रगति की जांच के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने रेलपथों और वैल्डों के अनुरक्षण मानकों को बेहतर बनाने तथा रेलपथों के निकट पड़े स्क्रैप को हटाने के लिए जोन पर किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। महाप्रबंधक ने पेड़ों की छंटाई करने और रेलपथों के आसपास उग आई वनस्पतियों को साफ किए जाने के कार्यों का जायजा लिया। गंगल ने रेल परिचालन में मानवीय असफलताओं को कम करने तथा रेल दरारों और रेल वैल्डों की गहन निगरानी करने पर बल दिया। जीएम उत्तर रेलवे ने कहा कि इन कामों में कोई त्रुटि नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कार्यों की प्रगति और रेल परिचालन से संबंधित निरीक्षणों को बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि खाद्यान्नों और अन्य मदों के लदान में प्रत्येक गुजरते माह के साथ वृद्धि हुई है।

## नगर निगम ने कार्यदायी संस्था पर लगाया जुर्माना

लखनऊ। राजधानी में नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी द्वारा सुबह सवेरे ही सफाई कार्यों का निरीक्षण किया गया। जिसमें सर्वप्रथम जोन–3 स्थित फैजुल्लागंज तृतीय वार्ड के क्षेत्र अन्ना मार्केट पुलिया के आस–पास रोड पर समय से झाड़ू नहीं लगी पाई तथा जगह–जगह प्लाट में कूड़े के ढेर पाये जाने के कारण कार्यदायी संस्था एसएस कंस्ट्रक्शन पर जनवरी माह के देयक में 15 दिन की कटौती की गई। जिसमें संस्था पर 3,43,929 रूपए का जुर्माना लगया गया। इसी तरह नगर आयुक्त द्वारा फैजुल्लागंज द्वितीय स्थित दाउद नगर क्षेत्र का निरीक्षण किया गया जहां पर बरसात के दिनों में जलभराव होता है। इसके निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के निवासियों के द्वारा इलाके में प्रतिदिन झाड़ू नहीं लगने की शिकायत की गई जिस पर नगर आयुक्त ने संबंधित कार्यदायी संस्था लॉयन सिक्योरिटी का जनवरी माह के देयक में 15 दिन की कटौती की गयी। जिसमें संस्था पर 3,77,367 रूपए का अर्थदंड लगाया गया। इसी क्रम में अशोक मार्ग स्थित निशातगंज फ्लाईओवर पर झाड़ू नहीं लगी पाई जाने के कारण संबंधित सुपरवाइजर व कर्मचारी का 01 दिन का वेतन काटा गया तथा माउंट कार्मेल चौराहा महानगर स्थित मैसर्स श्याम संस अंकुर पर भवन निर्माण सामग्री बाहर फैलाने पर 2500 रूपए का जुमार्ना लगाया गया व नालियों से निकाली हुई सिल्ट बाहर पाए जाने पर उसको तुरंत हटवाया गया।

# जिलाधिकारी ने जिला महिला चिकित्सालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

सीतापुर। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने जिला महिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा। उन्होनें ओ0पी0डी0 के अतिरिक्त विभिन्न वार्डो, सैम्पल कलेक्शन सेन्टर, वन स्टाप सेन्टर, महिला भर्ती वार्ड, सिजेरियन वार्ड, सम्पूर्णा क्लीनिक आदि का निरीक्षण भी किया। उन्होनें डाक्टरों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की समीक्षा के साथ साथ मरीजों के पंजीकरण की स्थिति की समीक्षा भी की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के साथ–साथ समुचित उपचार उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश देते हुये कहा कि चिकित्सालय में दवाओं और सेवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। अल्ट्रासाउण्ड एवं सैम्पल कलेक्शन के बेहतर प्रबंध हेतु निर्देशित करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि सैम्पल कलेक्शन की सुविधा प्रत्येक दशा में सायं 05 बजे तक अवश्य उपलब्ध करायी जाये एवं प्रतिदिन सैम्पल कलेक्शन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी श्री सिंह ने निर्देश दिये कि प्रतीक्षालय में बैठने के पर्याप्त प्रबंध के साथ टीवी, कूलर, पंखे तथा शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था करायी जाये। पूरे चिकित्सालय में वैक्यूम क्लीनर एवं अन्य उपकरणों के प्रयोग से बेहतर सफाई सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश भी दिये। उन्होनें कर्मचारियों की उपस्थिति का नियमित रूप से पर्यवेक्षण कराये हेतु भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। पेड़ पर लग रहे कीड़ों से बचाव हेतु कीटनाशक का छिड़काव कृषि रक्षा अधिकारी से समन्वय स्थापित कर कराये जाने के निर्देश भी दिये। सम्पूर्णा क्लीनिक के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के निर्देश दिये कि लटके हुये विद्युत तारों को तत्काल ठीक कराया जाये। स्विचों का प्रबंध ठीक कराये जाने के साथ अतिरिक्त स्विच हटाये जाने के निर्देश दिये। सैम्पल कलेक्शन कक्ष के गंदे टायल्स को साफ कराये जाने हेतु भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने भर्ती मरीजों से वार्ता कर उन्हे मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की। उन्होनें स्टाक पंजिका के विवरण को भी देखा। मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका को निर्देश दिये कि शीतल पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु वाटर कूलर लगवाये। वन स्टाप सेन्टर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित महिलाओं बालिकाओं से वार्ता करके उनकी समस्याओं के विषय में भी जानकारी ली तथा निर्देश दिये कि जो बालिकाये महिलायें अपने घर जाना चाहती है। उन्हें निर्धारित प्रक्रिया का पालन कराते हुये भेजवाया जाये। अन्य को निर्धारित समयावधि में स्थायी महिला संरक्षण गृह में भेजवाने का प्रबंध किया। जाये। वन स्टाप सेंटर में तैनात महिला कांस्टेबल मोनू देवी के उचित ड्रेस में न होने पर कार्यवाही हेतु निर्देश दिये। उन्होनें काउन्सलर नीतू यादव से महिलाओं बालिकाओं को उपलब्ध करायी जा रही काउन्सलिंग की सुविधा के विषय में जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डा0 सुषमा कर्णवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## शासन की मंशा के अनुरूप शत प्रतिशत नामांकन एवं विद्यालय का सौंदर्यीकरण हमें कराना है : बीएसए

परसेण्डी (सीतापुर)। स्कूल चलो अभियान जागरूकता रैली का शुभारंभ बीआरसी परसेंडी के खंड शिक्षा अधिकारी उमेश गौतम के द्वारा झंडी दिखाकर किया गया। स्कूल चलो अभियान रैली मोटरसाइकिल स्कूटी तथा अन्य वाहनों के साथ परसेंडी पुरवा प्राथमिक विद्यालय तालगांव कम पोजिट विद्यालय पचदेवरा गोरिया झाल कसरैला होते हुए मूसेपुर में विशाल जनसभा के रूप में संपन्न हुई। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजीत कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उमेश गौतम खंड शिक्षा अधिकारी परसेंडी के द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का हार्दिक अभिवादन करते हुए कहा शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा शासन की मंशा के अनुरूप शत.प्रतिशत नामांकन ठहराव एवं विद्यालय का सौंदर्यीकरण हमें कराना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवीन श्रीवास्तव अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का स्वागत करते हुए कहा जनपद में परसेंडी ब्लॉक प्रथम स्थान पर नामांकन में रहेगा तथा शत.प्रतिशत नामांकन कराने का सभी शिक्षक प्रयास करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अजीत कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शासन की मंशा के अनुरूप सभी शिक्षक शिक्षिकाएं शत.प्रतिशत नामांकन प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय क्षेत्र में आने वाले सभी पूर्वा मजरा ग्राम पंचायत का का सर्वेक्षण कर नामांकन कार्य समय से पूरा कर ले। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी, अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ परसेंडी, मनोज कुमार त्रिवेदी जिला संयोजक मीडिया एवं ग्राम प्रधान ने सभी बच्चों के साथ जमीन में बैठकर कर भोजन भी किया। सभी शिक्षकों के भोजन की व्यवस्था ग्राम प्रधान के द्वारा की गई। कार्यक्रम में नवीन श्रीवास्तव अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, प्रेमचंद प्रधान मूसेपुर, चंद्र मोहन शुक्ला प्रधानाध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय मूसेपुर, अध्यक्ष एसएमसी के द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम का संचालन मनीष रस्तोगी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अजीत कुमार बेसिक शिक्षा अधिकारी, उमेश गौतम खंड शिक्षा अधिकारी परसेंडी, नवीन श्रीवास्तव अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ परसेंडी, चंद्र मोहन शुक्ला प्रधानाध्यापक पूर्व माध्यमिक विद्यालय मूसेपुर, रामपाल एडीओ पंचायत, प्रताप निरंजन सेवानिवृत्त अध्यापक परसेंडी, अंजू गुप्ता, मोहम्मद हारुन सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

## संगोष्ठड्डी में अभिभावकों और ग्रामवासियों को नामांकन और ठहराव के लिए किया गया प्रेरित

लहरपुर देहात (सीतापुर)। निपुण भारत अभियान को सफल बनाने तथा सभी पात्र बच्चों का नामांकन करा कर उन्हें प्रतिदिन विद्यालय में उपस्थित होने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्राथमिक विद्यालय ईरापुर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर अभिभावकों को जागरूक किया गया तथा बच्चों को विद्यालय के प्रति आकर्षित करने का प्रयास किया गया। छात्रों द्वारा स्कूल चलो रैली निकालकर गांव का भ्रमण किया गया तथा मीना की कहानियां और पंचतंत्र की कहानियों पर आधारित रोल प्ले करके बच्चों को विद्यालय के प्रति आकर्षित किया गया। विद्यालय प्रांगण में संगोष्ठी आयोजित कर अभिभावकों और ग्राम वासियों को नामांकन और ठहराव के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राम नरेश वर्मा ने ग्रामवासियों का आवाहन किया कि वह अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक रहें और नामांकित सभी बच्चों को विद्यालय भेजना सुनिश्चित करें। जिन अभिभावकों ने अभी तक अपने बच्चों का नामांकन विद्यालय में नहीं कराया है। वह तत्काल नामांकन करा ले। जिससे छात्रों से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र बच्चों को समय से उपलब्ध हो सके। संकुल शिक्षक अनवर अली ने निपुण भारत अभियान की विशेषताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संकुल शिक्षक रामचंद्र वर्मा ने बाल वाटिका की गतिविधियों तथा प्री प्राइमरी के अंतर्गत 12 सप्ताह कैलेंडर की गतिविधियां और 100 दिवस पठन कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर शिक्षक सरोज कुमार वर्मा, उमेश चंद वर्मा, राजीव कुमार, रामावती, आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रेमवती, आशा बहू तथा विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष हरपाल आदि ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। बच्चों के द्वारा मीना मंच की कहानियां मीना की तीन इच्छाएं, धौंसिये से कौन डरता है, क्या मीना को स्कूल छोडना पड़ा तथा आम का बंटवारा तथा सरस्वती कारा तोड़ दे आदि कहानियों का मंचन किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य और अभिभावक उपस्थित थे।

## नेत्र शिविर में 110 मरीजों का किया गया नेत्र परीक्षण

पहला (सीतापुर)। 25 अप्रैल को ब्लॉक पहला के सरैयां कादीपुर कस्बे में नेत्र शिविर का आयोजन सीमा नेत्र चिकित्सालय पर आयोजित किया गया। आंख अस्पताल सीतापुर के चिकित्सकों द्वारा एक दिवसीय नेत्र शिविर के दौरान 110 मरीजों की नेत्र का परीक्षण किया गया। जिसमें 50 मोतियाबिंद से ग्रसित रोगियों को अपने वाहन से आंख अस्पताल सीतापुर ऑपरेशन हेतु भेज दिया गया। उक्त आयोजक समाजसेवी राहुल रस्तोगी, सुहानी ज्वैलर्स एंड बर्तन भंडार सरैयां रेलवे स्टेशन द्वारा किया गया। इस शिविर में आंख अस्पताल सीतापुर के चिकित्सक डॉक्टर दीपेश बघेल, डॉक्टर गरिमा सैनी, डॉक्टर रागिनी वर्मा, डॉक्टर मोहित कुमार, डॉ ऋषि सिंह, डॉ अर्पित सिंह, फील्ड ऑर्गेनाइजर शहनवाज अहमद व सहयोगी अवध किशोर शुक्ला, नसीम आदि की टीम ने कड़ी मेहनत करते हुए सराहनीय योगदान दिया।

उक्त शिविर के आयोजक ने आए हुए सभी आगंतुकों व मरीजों का स्वागत किया। 25 अप्रैल दिन ब्लॉक पहला के सरैयां कादीपुर कस्बे में नेत्र शिविर का आयोजन सीमा नेत्र चिकित्सालय पर आयोजित किया गया। आंख अस्पताल सीतापुर के चिकित्सकों द्वारा एक दिवसीय नेत्र शिविर के दौरान 110 मरीजों की नेत्र का परीक्षण किया गया। जिसमें 50 मोतियाबिंद से ग्रसित रोगियों को अपने वाहन से आंख अस्पताल सीतापुर ऑपरेशन हेतु भेज दिया गया। उक्त आयोजक समाजसेवी राहुल रस्तोगी सुहानी ज्वैलर्स एंड बर्तन भंडार सरैयां रेलवे स्टेशन द्वारा किया गया। इस शिविर में आंख अस्पताल सीतापुर के चिकित्सक डॉक्टर दीपेश बघेल, डॉक्टर गरिमा सैनी, डॉक्टर रागिनी वर्मा, डॉक्टर मोहित कुमार, डॉ ऋषि सिंह, डॉ अर्पित सिंह, फील्ड ऑर्गेनाइजर शहनवाज अहमद व सहयोगी अवध किशोर शुक्ला, नसीम आदि की टीम ने कड़ी मेहनत करते हुए सराहनीय योगदान दिया। उक्त शिविर के आयोजक ने आए हुए सभी आगंतुकों व मरीजों का स्वागत किया।

## बाइक सवार ने पैदल जा रहे मजदूर को मारी टक्कर, हालत गंभीर

सांडा (सीतापुर)। बताते चलें सकरन खुर्द निवासी शत्रोहन सांडा से मजदूरी करके पैदल घर वापस जा रहा था। तभी आर्यावर्त बैंक शाखा के पास पीछे से मोटरसाइकिल चालक विनोद निवासी ग्राम सरैया बृजवासी पुरवा ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पैदल जा रहे शत्रोहन गंभीर रूप से घायल हो गया। शत्रोहन के सिर में काफी चोट आई है। सूचना पाकर सांडा चौकी प्रभारी रामचंद्र यादव अपने हमराही बल के साथ मौके पर पहुंचकर शत्रोहन को ले जाकर सीएचसी सांडा पहुंचाया। अस्पताल में मौजूद डॉक्टर जयराम गौतम ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफ र कर दिया।

## कदम से कदम मिलाए जा वन्देमातरम गाए जा,ये कौम है वतन की,वतन पर लुटाए जा

हरदोई।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्रीय एकता,देश प्रेम व सामाजिक समरसता की भावना के साथ देश को जोड़ने के लिए सदा ही प्रयासरत रहा है। इसी भाव का प्रदर्शन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन में देखने को मिला।संचलन आरआर इंटर कॉलेज में हुआ, जहां हजारों की संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित हुए। संचलन का आरंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की श्रद्धा के प्रतीक भगवा ध्वज के आरोहण तथा भारत माता के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ हुआ।मंच पर विभाग संघचालक शिव स्वरूप जी,जिला संघ संचालक राकेश जी व मुख्य वक्ता प्रांत मार्ग प्रमुख गंगा सिंह जी उपस्थित रहे। उपस्थित स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी अनुशासन व राष्ट्रप्रेम से पहचाना जाता है। उन्होंने कहा कि संघ के संस्थापक डॉक्टर केशवराव बलिराम हेडगेवार जी ने संघ को पहले स्वयं जिया फिर संघ के स्वयंसेवकों में संस्कार डाले। जब डॉक्टर साहब से पूछा गया कि क्या आप स्वयंसेवको को कोई तंत्र मंत्र सिखाते हैं?तो उन्होंने कहा,संघ का तंत्र है शाखा,जहां चरित्र का निर्माण और मन्त्र दिया सर्वे भवन्तु सुखिनः का, जिससे स्वयंसेवक लोक कल्याण की भावना से कार्य करता है। 21वीं शताब्दी में बदली हुई परिस्तिथियों में जहां विश्व युद्ध और अराजकता की ओर बढ़ रहा है, साथ ही राष्ट्र विरोधी शक्तियां भी सिर उठा रही हैं। ऐसे में स्वयंसेवको का कर्तव्य और भी बढ़ गया है जब पूरा विश्व भारत की ओर मार्गदर्शन हेतु देख रहा है। संघ कार्य निस्वार्थ और अत्यंत कठिन है ऐसे में आवश्यक है सभी स्वयंसेवक देशप्रेम और संघ के संस्कार अपने जीवन मे उतारें। पथ संचलन आरआर कॉलेज से आरंभ होकर आवास विकास कॉलोनी से होता हुआ लखनऊ रोड पहुंचा। वहां से सिनेमा रोड होते हुए बड़ा चौराहा पहुंचा। बड़ा चौराहा से नुमाइश चौराहा से होता हुआ सोल्जर बोर्ड चौराहे से होते हुए वापस आरआर कॉलेज में पथ संचलन का समापन हुआ। घोष की धुन पर कदमताल करते हुए गणवेश में सुसज्जित स्वयंसेवकों ने अपने अनुशासन व समयबद्धता से सभी नगरवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नगर के कई स्थानों पर नागरिकों, विशेषकर मातृशक्ति ने पुष्पवर्षा कर पथ संचलन में स्वयंसेवको का उत्साह वर्धन किया। इस कार्यक्रम में जिला प्रचारक इंद्रपाल व सह जिला कार्यवाह रामप्रताप सहित हजारों की संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला शारीरिक प्रमुख विनीत ने किया।

## श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में आयोजित हुआ मिशन शक्ति कार्यक्रम

हरदोई। प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में नारी सुरक्षा,सम्मान व नारी स्वावलंबन के प्रति बालिकाओं व शिक्षिकाओं को जागरूक किया गया। प्रबंधक अखिलेश सिंह ने बालिकाओं व शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत नारियों व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के प्रति बहुत ध्यान दे रही है, सरकार द्वारा महिलाओं तथा बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए स्नातक स्तर तक बालिकाओं को निःशुल्क शिक्षा,महिलाओं को सरकारी नौकरी, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गरीब महिलाओं को गैस कनेक्शन ,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटियों को धनराशि मुहैया कराई जा रही है, इसके अलावा उन्हें जागरूक करके आगे बढ़ने के लिए जागरूक किया जा रहा है।प्रधानाचार्य भूमिका सिंह व लक्ष्मी देवी ने कहा कि प्रदेश में जब से योगी सरकार बनी है तब से लगातार मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत महिलाओं तथा बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने के साथ उनका सुरक्षा व सम्मान बढ़ा है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री योगी का आभार व्यक्त किया। विद्यालय की बालिकाओं ने चलाए जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि आज वह सुरक्षित हैं किसी भी समय कहीं भी आ जा सकती हैं उनका सम्मान बढ़ा है तथा स्वावलंबी बनने के लिए तमाम योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस मौके पर उप प्रबंधक मुकेश सिंह, शिक्षिका मनसा बाजपेई, बीना गुप्ता,प्रिया सिंह, विनीता शुक्ला,दिव्या सिंह,कविता गुप्ता,आरती वर्मा,रचना प्रजापति, स्वाति अवस्थी,नजरीन बानो,नीलम राठौर ,सोनम शुक्ला,पूजा सिंह,रेखा रानी, प्रज्ञा तिवारी,प्राची सिंह ,पूजा मिश्रा सहित बड़ी संख्या में शिक्षिकाएं व बालिकाएं मौजूद रहीं।

## राजस्व, वन एवं परिवहन विभाग का संयुक्त छापा, पांच आरा मशीनों पर हुई कार्रवाई

बिसवां नगर (सीतापुर)। दोपहर सदरपुर थाना अन्तर्गत जहांगीराबाद लकड़ी मण्डी में उस समय अफरा तफरी का माहौल देखने को मिला। जिस समय राजस्व, वन तथा परिवहन विभाग के अधिकारियों ने अचानक एक साथ पहुंच कर छापा मारा। उपजिलाधिकारी बिसवां अनुपम मिश्र के नेतृत्व में वन क्षेत्राधिकारी बिसवां कमाल अहमद सिद्दीकी तथा वन दरोगा प्रदुम्न कुमार त्रिपाठी व वन दरोगा हिमांशु वर्मा, वन रक्षक अनिरुद्ध वर्मा, एआरटीओ उदितनारायण पाण्डेय एवं सदरपुर की देबियापुर पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अवधेश कुमार यादव सहित भारी पुलिस बल ने संयुक्त रूप से जहांगीराबाद लकड़ी मण्डी में पंहुचकर कई आरामशीनों तथा पिलिंग मशीनों पर छापा मारकर पांच ट्रैक्टर ट्रालियों पर ओवरलोड लदी अवैध लकड़ी बरामद कर चालान किया गया। पुलिस और अधिकारियों को देखते ही ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर भाग गये। जिन्हें पुलिस के सुपुर्द किया गया। एसडीएम बिसवां अनुपम मिश्र ने बताया कि शासन और जिलाधिकारी के आदेशों के अनुपालन में यह कार्रवाई की गयी है। शिकायत मिली थी कि जहांगीराबाद में काफी समय से कई आरामशीनें अवैध रूप से संचालित हो रही हैं। जो मानक को पूरा नहीं करती हैं तथा यह भी शिकायत मिली थी कि अवैध ट्रालियों पर रोजाना ओवरलोड लकडियां लादकर तेज रफ्तार में फर्राटा भरते हैं। जिससे कई बार दुर्घटनायें भी होती रहती थीं। इसी परिपेक्ष्य में जहांगीराबाद मण्डी पहुंच कर कार्यवाही की गयी। उन्होंने बताया कि पांच ओवरलोड लकड़ी लदी ट्रैक्टर ट्रालियों को पकड़कर सीज किया गया। जिनसे मोटर वेहिकल एक्ट के तहत चार लाख रुपया जुर्माना किया गया है। ट्रैक्टर ट्रालियों को सदरपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मौके पांच आरामशीनों पर शीशम, जामुन व आम की अवैध लकड़ी मिली है। जिसके कोई परमिट नहीं दिखाये गये। लकड़ी की नाप कराकर नियमानुसार जुर्माना की कार्यवाही की जायेगी। मण्डी में बहुत सी खामियां मिली हैं आगे भी जांच जारी रहेगी। शासन के मंशानुरूप कार्य न करने वालों पर कार्यवाही की जायेगी। उपजिलाधिकारी ने वन विभाग द्वारा लगातार बरती जा रही लापरवाही के कारण रेंजर से स्पस्टीकरण मांगा गया है कि इतनी भारी मात्रा में लकड़ी कहां से आ गयी।

## कार से लिफ्ट देकर लूट करने वाले चार गिरफ्तार

हरदोई। बेनीगंज पुलिस ने लिफ्ट देकर चलती कार में लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ कर एक महिला सहित चार लुटेरों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

एसपी राजेश द्विवेदी ने प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि लिफ्ट देकर चलती कार में लूट की घटना को अंजाम देने वाले लुटेरे इतने शातिर थे कि किसी को शक ना हो इसके लिए वह एक महिला को भी अपने साथ रखते थे लेकिन वह कहते हैं ना कि अपराध करने वाला कोई न कोई अपना निशान छोड़ ही जाता है जिसके सहारे पुलिस उस तक पहुंच ही जाती है। इस मामले में भी कुछ ऐसा ही हुआ और आखिरकार हरदोई की बेनीगंज थाने की पुलिस और क्राइम ब्रांच लुटेरों तक पहुंच गई और एक महिला सहित चार लुटेरों को धर दबोचा।

मालूम हो कि 15 अप्रैल को कुंज बिहारी मिश्र पुत्र बाबूलाल निवासी 2ब्444 आवास विकास, हंसपुरम, नौबस्ता, कानपुर ने बेनीगंज थाने में सूचना दी थी कि कानपुर जाने के लिये जब वह अतरौली तिराहा कोथावां में खड़ा था तो कुछ अज्ञात लोगों ने उसे कार में लिफ्ट देकर उसके 51,000 रूपये व मोबाइल फोन छीन लिया व उसके साथ मारपीट कर छोड़ कर फरार हो गये। कुंजबिहारी की सूचना पर बेनीगंज पुलिस ने तत्काल सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर घटना के खुलासे के लिए प्रयास करने शुरू कर दिये।

इस दौरान 24 अप्रैल को पुलिस को मुखबिर से लुटेरों की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद पुलिस एक्टिव हुई और नगवा मोड़ पर ऑल्टो कार (संख्या न्च76 एस 3737) को रोककर उसमें बैठे 03 पुरूष व 01 महिला की तलाशी ली। तलाशी के दौरान करन नाम के व्यक्ति की जामातलाशी में 315 बोर का एक तमंचा,02 जिन्दा कारतूस व 7,000 रूपये मिले।

जब पुलिस दूसरे ने दूसरे युवक कुन्दन उर्फ करिया की जामातलाशी की तो उसके पास से 01 तमन्चा 12 बोर व 02 जिन्दा कारतूस व 7,000 रूपये नगद मिले तो वही तीसरे रितेश कुमार उर्फ सचिन के पास भी 7,000 रुपये बरामद हुए।

कार में बैठी आरती पत्नी कुन्दन नाम की महिला की जब महिला सिपाही ने तलाशी ली तो उसके पास से 6,000 रूपये तथा कार की तलाशी में डैशबोर्ड से पन्नी में लिपटा करीब 150 ग्राम स्मैक पाउडर बरामद हुआ।

चारों अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि 15 अप्रैल को उन चारों ने कोथावां से एक बुजुर्ग व्यक्ति को कार में बैठाकर कुछ दूर आगे जाकर उसके 51,000 रूपये व मोबाइल छीनने के बाद बुजुर्ग को मारपीट कर छोड़ दिया था। पकड़े गए लुटेरों ने बताया कि हम अपने साथ एक महिला इसलिए रखते हैं ताकि कोई भी सवारी हमारे साथ आसानी से बैठ जाये। पुलिस ने बरामद कार को मौके पर ही धारा 207 एमवी एक्ट सीज कर चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। श्री द्विवेदी ने बताया कि अवैध शस्त्र व कारतूस तथा स्मैक की बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हाजा पर अलग से मुकदमा पंजीकृत किये गये हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक इंद्र जीत सिंह चौहान,उपनिरीक्षक शिव शंकर मिश्र, एसआई प्रेम सागर सिंह सर्विलांस टीम, एसआई वर्मा रमेश सिंह एसओजी,हेड कां राजेंद्र यादव, कां विपिन कुमार, कां सौरभ कुमार और महिला कां मोनिका रानी पाल शामिल रहे।

## रोजा इफ्तार का हुआ कार्यक्रम

बिसवां नगर (सीतापुर)। सेठ देवेश्वर दयाल मांटेसरी स्कूल में सेठ जय दयाल इंटर कालेज व सेठ देवेश्वर दयाल मांटेसरी स्कूल में पढने वाले रोजेदार छात्र व उनके अभिभावकों के लिए रोजा इफ्तार का कार्यक्रम इन दोनों विद्यालय के प्रबंधक व भाजपा नेता महेश चंद्र मेहरोत्रा के संयोजन में किया गया। श्री मेहरोत्रा ने कहा कि ये कार्यक्रम लगभग 32 वर्षों से उनके द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि आपस में भाई चारा व देश प्रेम की भावना जाग्रत हो। इस विद्यालय की सभी हिन्दू व मुस्लिम शिक्षक व शिक्षिकायें सौहार्द पूर्ण वातावरण में रहकर सर्वधर्म समभाव की भावना के साथ एक दूसरे के धार्मिक कार्यक्रमों में सदा ही सहयोग करते हैं?। इस कार्यक्रम में सेठ दयाल इंटर कालेज व सेठ देवेश्वर दयाल मांटेसरी स्कूल के रोजेदार छात्र व उनके अभिभावक भारी संख्या में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य कैप्टन बीएल वर्मा, प्रधानाचार्या डा सविता मिश्रा, सहप्रबंधक आनन्द कुमार खत्री, शकील अहमद, अरशद अली, मकसूद अली, विवेक सिन्हा, जीपी श्रीवास्तव, रीतू मिश्रा, अजरा खान, शीबा खान, खुशनुमा, स्मृति श्रीवास्तव, नीती तिवारी, रामकुमार कश्यप, कपिल वर्मा, मनोज श्रीवास्तव, मो आलम सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो हौंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर , 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2012/49458
संस्थापकः- स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादकः- राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन्न समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917, 9453824459
ई-न्यूज पेपरः- www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com





# सिद्धांत चतुर्वेदी की चेस्ट मिरर सेल्फी देख अमिताभ की नातिन ने किया रिएक्ट

बॉलीवुड इंडस्ट्री में इन दिनों एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी और अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नवेली नंदा के अफेयर की चर्चा तेज है। हालाँकि इन दोनों ने अब तक इस बारे में कुछ नहीं कहा है लेकिन फैन्स को दोनों के सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उनके रिलेशनशिप में होने का हिंट मिल रहा है। इस समय दोनों के अफेयर की अटकलें तेज हो चुकीं हैं। हालाँकि इन सभी के बीच सिद्धांत ने इंस्टाग्राम पर चेस्ट मिरर सेल्फी पोस्ट की है। वहीं उनकी इस फोटो के साथ उन्होंने कैप्शन में प्यारी सी कविता भी लिखी है जिसे पढ़ नव्या नवेली ने रिएक्ट भी किया है। जी हाँ और अब एक बार फिर फैन्स इन दोनों के रिलेशनशिप में होने की खबरों को सही मानने लगे हैं। जी दरअसल एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी ने चेस्ट मिरर सेल्फी शेयर की है। आप देख सकते हैं इसमें वो क्लीन शेव और शॉर्ट हेयर लुक में दिख रहे हैं। वहीं इस फोटो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा– आज ज्यादा, कल हम कम थे।।।मैंने तुम्हें तब देखा था, जब मुझे कोई नहीं देखता था। और मैं भी यहां और ये नजरें हम पे, आज ज्यादा कल कम थे। माई नोट्स। अब फैन्स को एक्टर का ये अंदाज खूब पसंद आ रहा है और वह कमेंट कर रहे हैं। वैसे सिद्धांत की इस पोस्ट पर बॉलीवुड के कई सेलेब्स ने रिएक्ट किया। इसी लिस्ट में एक नाम नव्या नवेली का भी है। उन्होंने भी इस तस्वीर को लाइक किया है। उनके अलावा पोस्ट को कई सेलेब्स जैसे अपारशक्ति खुराना, साहिल वैद ने लाइक किया है। वैसे आपको बता दें कि इसके पहले सिद्धांत की फोटो पर नव्या नवेली ने कमेंट किया था। इसी के साथ दोनों ने ही सूरज–चांद से जुड़ा हुआ अपनी पोस्ट पर कैप्शन दिया था।

# भरी गर्मी में पूल का मजा लेती नजर आई आमिर खान की बेटी

आमिर खान की बेटी आयरा खान सोशल मीडिया पर सक्रीय रहती हैं और वे अपनी पर्सनल लाइफ से फैंस को कनेक्ट रखना बखूबी जानती है. आयरा अपने पिता आमिर संग खास बॉन्डिंग



साझा करती हैं और दोनों की फोटोज सोशल मीडिया पर खूब वायरल होने लग जाती है. आयरा अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़ी बातें बेबाकी से साझा करती हुई दिखाई देती हैं. वे बोल्ड फोटोज को लेकर कभी–कभी कंट्रोवर्सी में भी रहती हैं लेकिन अभिनेत्री को ट्रोल्स से कोई फर्क नंही पडने वाला है. हाल ही में आयरा ने अपनी कुछ लेटेस्ट फोटोज शेयर की हैं जिसमें वे बिकिनी में दिखाई दे रही है. तस्वीर में वे अपने दोस्तों के साथ हैं और स्विमिंग पूल में चिल करती हुई दिखाई दे रही है. वे और उनकी फ्रेंड ब्लैक कलर की बिकिनी में हैं. दोनों साथ में मस्ती कर रही हैं और पोज देती दिखाई दें रही है. आरया इस बीच काफी खुश हैं. फैंस भी आयरा की तस्वीर देख खुश हो गए हैं और हार्ट इमोजी साझा करने में लगे हुए है. फोटोज के साथ आयरा ने कैप्शन में लिखा– हम लोग स्विम वीयर मॉडल्स भी हो सकते हैं. इस पूल में स्प्लैश करने का यही वर्ष है. वो भी इस गर्मी में. इस बार की गर्मी ने तो वाकई में सभी को परेशान कर रखा है. मार्च से ही देश के अधिकांश भाग में जमकर गर्मी का कहर देखने के लिए मिल रहा है. लेकिन आयरा को पता है कि गर्मी से निपटने का समाधान क्या है. फोटोज पर फैंस कमेंट भी कर रहे हैं. एक शख्स ने लिखा– आप शानदार लग रही हो. एक दूसरे शख्स ने लिखा– मुंबई की गर्मी. एक अन्य शख्स ने लिखा– इस हीट वेव में कुछ राहत.




# 28 साल छोटी एक्ट्रेस संग रोमांस करेंगे अक्षय, हुआ नयी फिल्म का ऐलान






बॉलीवुड में अपने अभिनय से सभी का दिल जीतने वाले अक्षय कुमार इन दिनों एक के बाद एक फिल्म में काम कर रहे हैं। हर महीने उनकी एक नयी फिल्म का एलान हो जाता है। अब एक्ट्रेस राधिका मदान के साथ अक्षय साउथ फिल्म सोरारई पोटरु के हिंदी रिमेक में नजर आने वाले हैं। जी हाँ और इस बात पर मुहर खुद एक्टर ने लगाई है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए फिल्म के बारे में जानकारी दी है। इसी के साथ ही अक्षय कुमार ने फैन्स से फिल्म के नाम को लेकर सुझाव भी मांगा है। आप देख सकते हैं अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो और राधिका मदान दिखाई दे रही हैं। इस वीडियो में एक्ट्रेस नारियल फोड़ रही हैं और अभिनेता क्लैपबोर्ड लिए हुए बैठे हैं। आप देख सकते हैं इस वीडियो को शेयर करते हुए एक्टर ने कैप्शन में लिखा है, नारियल को फोड़ते हुए और छोटी सी प्रार्थना के साथ हम फिल्म की शूटिंग शुरू कर रहे हैं। फिल्म का टाइटल अब तक तय नहीं हुआ है। अगर आपके दिमाग में फिल्म के टाइटल के लिए कोई सुझाव आता है, तो हमारे साथ शेयर करें। अपनी शुभकामनाओं के साथ। आप सभी देख सकते हैं इस वीडियो पर फैंस ने कमेंट में कई सुझाव दिए हैं। खबरें हैं इस फिल्म में अक्षय कुमार राधिका मदान संग रोमांस करते हुए दिखाई देंगे।

जी हाँ और रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब तक फिल्म का प्री–प्रोडक्शन काम चल रहा था। इस फिल्म की निर्देशक सुधा कोंगारा है जिन्होंने फिल्म को पश्चिमी भारत पर सेट किया है। फिल्म में राधिका ग्रामीण मराठी महिला के रोल में दिखाई देंगी। आप सभी को बता दें, साल 2020 में फिल्म श्सोरारई पोटरुय रिलीज हुई थी और इस फिल्म में साउथ के सुपरस्टार सूर्या और अपर्णा बालमुरली लीड रोल में दिखाई दिए थे।



# अपने लविंग बॉयफ्रेंड संग स्पॉट हुई शमिता शेट्टी

अभिनेत्री शमिता शेट्टी और राकेश बापट एक–दूसरे को डेट करने की खबर है दिन सामने आती है। दोनों को हमेशा ही एक–साथ देखा जाता है। बीते दिनों दोनों के ब्रेकअप की खबरें भी सुनने के लिए मिली थी। इसी दौरान शमिता और राकेश डिनर डेट पर निकले हैं, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जो खूब चर्चाओं में बना रहा है। वीडियो में शमिता ब्लैक शॉर्ट फ्रॉक ड्रेस में दिखाई दी। इसके साथ अभिनेत्री ने मैचिंग हील पहनी भी पहन रखी है। मिनिमल मेकअप और ओपन हेयर्स से अभिनेत्री ने अपने लुक को कम्पलीट किया हुआ है। इस लुक में एक्ट्रेस गॉर्जियस दिख रही है। वहीं राकेश ब्लैक शर्ट, टी–शर्ट, और डेनिम जींस में नजर हैंडसम दिख रहे है। दोनों एक–साथ काफी खुश लग रहे हैं। शमिता और राकेश पेपराजी के सामने पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं। फैंस इस वीडियो को खूब प्यार देते हुए दिखाई दे रही है। खघ्बरों की माने तो राकेश और शमिता की मुलाकात बिग बॉस ओटीटी में हुई थी। इस दौरान दोनों एक–दूसरे के क्लोज आए। तब से दोनों साथ में हैं। राकेश ने शमिता के परिवार से भी मुलाकात कर ली है, जिसकी फोटोज कुछ समय पहले ही वायरल हुई थी। खबरें हैं कि दोनों जल्द शादी के बंधन में बंध सकते हैं।



# जैकलीन फर्नांडीज ने पहनी इतनी महंगी हिल्स, कीमत जानकार उड़ जाएंगे होश

बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज यू तो किसी के परिचय की जरूरत नहीं है. उनके दमदार प्रदर्शन की झलक हमें आए दिन देखने को के लिए मिल रही है. एक्ट्रेस लग्जरी लाइफस्टाइल की बहुत ही ज्यादा शौकीन है. सोशल मीडिया पर छोटी से छोटी और बड़ी–बड़ी खुशियां वो खुलकर मनाती हुई नजर आती है. हाल ही में जैकलीन फर्नांडीज अपने फोटोशूट की तीन फोटोज को फैंस के साथ साझा किया है. जिसमें उनका ग्लैम अंदाज देखने के लिए मिल रहा है. एक्ट्रेस इस बीच खुले बालों के साथ थाई स्लिट गाउन पहने दिखाई दे रही है. लेकिन इस दौरान सबकी नजरें जैकलीन फर्नांडीज की पहनी हुई हिल्स पर पड़ गई है.

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जैकलीन फर्नांडीज ने इस फोटोशूट में जो हिल्स भी पहन रखी है उनका मूल्य लाखों में है. जी हां यही जैकलीन फर्नांडीज की ये हील्स लग्जरियस ब्रांड की है और जिसका मूल्य 120000 से भी अधिक कहा जा रहा है. सोशल मीडिया पर यह फोटोज वायरल हुई और दर्शकों को जैकलीन फर्नांडीज की हील्स बहुत पसंद आई तो हमने सोचा क्यों ना आपके लिए इस हील्स को खंगाल ही डाला.

यह पहली दफा नहीं जो जैकलीन फर्नांडीज ने अपने फोटोशूट पर इतनी महंगी हील्स कैरी की हो. जैकलीन फर्नांडीज हमेशा महंगी महंगी ब्रांड्स एंडोर्स करती हैं. अभिनेत्री का लाइफस्टाइल बहुत लग्जरियस है. वहीं बात की जाए इस फोटोशूट में जैकलीन फर्नांडीज के लुक की तो इस दौरान अभिनेत्री न्यूड शेड के गाउन में खुले बालों के साथ मिनिमल ज्वेलरी के साथ कैरी करती हुई दिखाई दी. तो वहीं बात करें जैकलिन के बैकग्राउंड की तो एक्ट्रेस जिन सीढियों पर बैठी हुई हैं, उसपर काफी अच्छी आर्ट देखने को मिल रही है.